

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


12 कांग्रेस अध्यक्ष खडगे के बयान पर अमित शाह का करारा प्रहार.......

कर्नाटक हाई कोर्ट से निर्मला सीतारमण को बड़ी राहत, इलेटोरल....... 12

वर्ष : 15 | अंक : 170 | नई दिल्ली, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# भारत और जमैका कई क्षेत्रों सहयोग बढ़ायेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत और कैरेबियाई देश जमैका ने कौशल विकास, क्षमता निर्माण, डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, लघु उद्योग, जैविक ईंधन, नवान्वेषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। श्री मोदी ने बैठक के बाद अपने मीडिया वक्तव्य में श्री होलनेस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि आज पहली बार जमैका के प्रधानमंत्री भारत की द्विपक्षीय यात्रा पर आए हैं। इसलिए हम इस यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। उन्होंने कहा, ॒प्रधानमंत्री होलनेस लंबे समय से भारत के मित्र रहे हैं। मुझे कई बार उनसे मिलने का अवसर मिला है। और हर बार मैंने उनके विचारों में भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को महसूस किया है। मुझे विश्वास है कि उनकी यात्रा से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पूरे कैरेबियाई क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को नई ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और जमैका के संबंध हमारे साझा इतिहास, साझा लोकतान्त्रिक मूल्यों और मजबूत जन आधारित संबंधों पर आधारित हैं। हमारे संबंधों को कल्चर (संस्कृति), क्रिकेट, कामनवेल्थ (राष्ट्रमंडल)



और कैरीकॉम अंकित करते हैं। आज की बैठक में हमने सभी क्षेत्रों में अपना सहयोग सुदृढ़ करने पर विचार किया और कई नई पहलों की पहचान की। भारत और जमैका के बीच व्यापार और निवेश में वृद्धि हो रही है। जमैका की विकास यात्रा में भारत सदैव एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध विकास साझीदार रहा है। इस दिशा में हमारे सभी प्रयास जमैका के लोगों की आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। आई-टेक तथा आईसीसीआर छात्रवृत्ति के माध्यम से हमने जमैका के लोगों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यडिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, लघु उद्योग, जैविक ईंधन, नवान्वेषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्रों में हम अपना अनुभव जमैका के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। रक्षा के क्षेत्र में भारत द्वारा जमैका की सेना की ट्रेनिंग और क्षमता निर्माण पर हम आगे बढ़ेंगे। संगठित अपराध, तस्करी एवं आतंकवाद हमारी साझा चुनौतियाँ हैं। हम मिलकर इन चुनौतियों का सामना करने पर सहमत हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी हमें अपना सफल अनुभव जमैका के साथ साझा करने में खुशी होगी। श्री मोदी ने कहा, आज की बैठक में हमने कई वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। हम सहमत हैं कि सभी तनावों और विवादों का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए। हम मिलकर वैश्विक शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे। भारत और जमैका एकमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित सभी वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। इन्हें समकालीन रूप देने के लिए हम साथ मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत और जमैका के बीच भले ही विशाल महासागरों की दूरी हो, किन्तु हमारे मन, हमारी संस्कृति और हमारा इतिहास एक दूसरे से जुड़े हैं। लगभग 180 वर्ष पहले भारत से जो लोग जमैका गए थे, उन्होंने हमारे लोगों के बीच संबंधों की मजबूत नींव रखी थी। आज जमैका को अपना घर मानने वाले लगभग सत्तर हजार भारतीय मूल के लोग हमारी साझा विरासत का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। उनकी देखरेख के लिए वह प्रधानमंत्री होलनेस और उनकी सरकार के आभारी हैं।प्रधानमंत्री ने कहा, जिस प्रकार भारत से योग, बॉलीवुड और लोक संगीत को जमैका में अपनाया गया है, उसी तरह जमैका के रेगे और डांसहॉल भी भारत में लोकप्रिय हो रहे हैं। आज किए जा रहे सांस्कृतिक आदान-प्रदान से हमारी आपसी नजदीकियाँ और बढ़ेंगी। हमने दिल्ली में जमैका उच्चायोग के सामने सड़क का नाम ॒जमैका मार्ग॒ रखने का निर्णय लिया है। यह सड़क भावी पीढ़ियों के लिए हमारी गहरी मित्रता और हमारे सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी। श्री मोदी ने कहा, क्रिकेट प्रेमी देशों के रूप में खेल हमारे संबंधों में एक बहुत मजबूत और महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र रहा है। ॒कर्टनी वॉल्शह्व की तेज गेंदबाजी हो, या ॒क्रिस गेलह्व की धुआंधार बल्लेबाजी, भारत के लोगों में जमैका के क्रिकेटरों के लिए विशेष लगाव रहा है। हमने खेलों में अपना सहयोग और गहरा करने पर भी विचार विमर्श किया। मुझे पूरा विश्वास है कि आज की चचाओं से निकले निष्कर्ष हमारे संबंधों को उसैन बोल्ट से भी तेज गति देंगे, और हम निरंतर नई ऊँचाइयां छूते रहेंगे।

## 64वें एनडीसी पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली, एजेंसी**


इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि गतिशील वैश्विक भू-राजनीतिक वातावरण हमारे समक्ष अनेक चुनौतियां प्रस्तुत करता है। हाल के दिनों में जिस तेज गति से घटनाक्रम हुए हैं, शायद एक दशक पहले इसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। इसलिए, सभी अधिकारी, चाहे वे सिविल सेवा से हों या रक्षा सेवाओं से, उन्हें अपने सामने आने वाली चुनौतियों और कमजोरियों के बारे में पता होना चाहिए। इतना ही नहीं, उन्हें उन शक्तियों के बारे में भी पता होना चाहिए, जो ऐसी चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकती हैं। एक शक्ति, जो उनके पास निश्चित तौर पर होनी चाहिए और उस शक्ति के बिना वे कुछ नहीं कर सकते। वह शक्ति है - अपने संगठनों, देशों और बड़े पैमाने पर मानवता की भलाई के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने में सक्षम होना। नवाचार एक और कारक है, जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रखेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज सुरक्षा संबंधी हमारी चिंताएं, क्षेत्रीय अखंडता के संरक्षण से आगे बढ़कर राष्ट्रीय कल्याण के अन्य क्षेत्रों, जैसे आर्थिक, पर्यावरणीय, ऊर्जा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा मुद्दों को भी शामिल करती हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए गहन अनुसंधान की आवश्यकता है और इसके लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरे हैं। साइबर हमलों से निपटने और उनका मुकाबला करने के लिए उच्च-स्तरीय तकनीकी क्रियाकलाप के साथ-साथ मजबूत डिजिटल बुइंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ अच्छी तरह से प्रशिक्षित और विशेषज्ञ मानव संसाधन की आवश्यकता होती है। यह उन क्षेत्रों में से एक है, जहां सिविल सेवाओं और सशस्त्र बलों को ऐसे हमलों को विफल करने में सक्षम एक सुरक्षित राष्ट्रव्यापी प्रणाली बनाने के लिए हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास ने देशों के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को स्थापित करना और उसका इस्तेमाल करना अनिवार्य बना दिया है। शासन प्रणालियों में बड़े पैमाने पर डेटा और संवेदनशील जानकारी भी उपलब्ध है, जिसे असुरक्षित नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने सभी से इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और इसका समाधान करने के लिए ठोस उपाय करने का आग्रह किया।

## एलएसी पर स्थिति स्थिर, लेकिन सामान्य नहीं : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के मुताबिक चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर, लेकिन सामान्य नहीं है। दिल्ली कैंट में मंगलवार को चाणक्य रक्षा संवाद में बोलते हुए, जनरल द्विवेदी ने यह बात कही। डिफेंस डायलॉग के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। इसके साथ ही सेना प्रमुख ने यह भी बताया कि भारत किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए तैयार है। गौरतलब है कि मई 2020 में भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था। जनरल द्विवेदी ने बताया कि भारत का लक्ष्य मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध से पहले की स्थिति को बहाल करना है। इसमें लैंड ऑक्यूपेशन, बफर जोन और पेट्रोलिंग की स्थितियों को पहले की स्थिति में बहाल करना है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि जब तक उस स्थिति की बहाली नहीं हो जाती, वहां स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। सीमा पर चीन के संदर्भ में जनरल द्विवेदी ने कहा, स्थिति स्थिर है, लेकिन सामान्य नहीं है और संवेदनशील है। अगर ऐसा है तो हम क्या चाहते हैं, हम चाहते हैं कि अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल हो। चीन के साथ, आपको प्रतिस्पर्धा, सहयोग, सह-अस्तित्व, टकराव और प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। इसलिए जब तक वह स्थिति बहाल नहीं हो जाती, जहां तक हमारा सवाल है, स्थिति संवेदनशील रहेगी और हम किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच चल रही कूटनीतिक वार्ता के बावजूद, किसी भी समझौते का क्रियान्वयन जमीन पर सैन्य कमांडरों पर निर्भर करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कूटनीतिक वार्ता से सकारात्मक संकेत मिले हैं। बावजूद इसके अभी तक सेनाओं की पूरी तरह से वापसी नहीं हो सकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्मार्ट मीटर के विरोध में राजद कार्यकर्ताओं ने दिया धरना प्रदर्शन

संग्रामपुर (मुंगेर)। स्मार्ट मीटर के विरोध में संग्रामपुर प्रखंड कार्यालय के समीप राजद के कार्यकताओं के द्वारा एक दिवसीय शांतिपूर्वक धरना एवं प्रदर्शन किया गया। नगर अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस धरना कार्यक्रम में पूर्व राजद प्रत्याशी अरुण शाह, राजद के धरना प्रभारी विजय पंजियारा भी मौजूद थे। अपने संबोधन में नगर अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों से अवैध उगाही की जा रही है। इससे गरीब तबके सहित मध्यम वर्गीय परिवार पर बिजली बिल का बोझ इतना भारी पड़ रहा है कि लोग अंधेरे में जीने को विवश हैं। उन्होंने कहा की सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है कि वह स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को ठगने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करे। अगर 15 दिन के अंदर स्मार्ट मीटर को वापस नहीं लिया जाता है तो राजद बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी। इस मौके पर मौजूद रजत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा इस मांग से संबंधित एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी सौंपा गया।

# जिलाधिकारी ने की सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई दिनांक 30 सितंबर 2024 को जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार 30 सितम्बर को सड़क सुरक्षा समिति वर्ष 2024 माह सितंबर की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने कार्य सूची के अनुसार सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं यथा जिले में सड़क दुर्घटनाओं, जिले में सड़क सुरक्षा गतिविधियों, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की निगरानी एवं कारणों की पहचान, सड़क सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, राज्य सुरक्षा नीति के क्रियान्वयन और इसके तहत निर्धारित निगरानी की प्राप्ति, भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सड़क सुरक्षा निर्देशों को लागू करने, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद के नियमों को जिलों में क्रियान्वयन कराना, गति सीमा एवं ट्रैफिक कालमिंग मेजर्स , बिहार सड़क सुरक्षा परिषद को नियमित रूप से जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं से समय-समय पर अवगत कराना, दुर्घटना के आंकड़ों का मासिक आधार पर सार्वजनिक पटल पर प्रकाशन, जिले में होने वाली सामूहिक मृत्यु के लिए मोटर अधिनियम 1988 के धारा 135 ए के तहत दुर्घटना का फोरेसिक जांच करना, उचित स्थान पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करना ताकि पीड़ित को ससमय अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो और प्रतिक्रिया में सुधार हो सके, जिले में पूर्व मे हुई घटना की संख्या के अनुसार विभिन्न प्रकार के एंबुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, बड़े पैमाने में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए आपातकालीन चिकित्सा योजना तैयार करना, सड़क सुरक्षा निधि का रखरखाव आवश्यकता और वितरण के लिए एक नोडल निकाय के रूप में कार्य करना, आवश्यकता पड़ने पर यथा स्थिति एवं यथासमय राज्य सड़क परिषद एवं लीड एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित करना, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए गुड सीमेटेरियन को बढ़ावा देना, जिले अंतर्गत शहर एवं ग्राम पंचायत में ट्रैफिक पार्क का प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करना, सड़कों पर वाहनों की तीव्र गति के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को न्यून करने के उद्देश्य से वाहनों की अधिकतम गति सीमा निर्धारित करने हेतु सड़कों को चिन्हित किया जाना और अधिकतम गति सीमा के निर्धारण के बाद संबंधित कर एजेंसी द्वारा पर्याप्त साइनेज लगाने के लिए निदेशित करना एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य मुद्दे पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं आंकड़े से रूबरू हुई तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी महोदया ने सड़कों पर वाहनों के तीव्र गति के कारण हो रही दुर्घटनाओं को न्यून करने के उद्देश्य से किन-किन जगहों पर रोड साइनेज लगाने हेतु रह गया है जांच करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को वाहन जांच कर फाईन करने एवं सड़क दुर्घटना होने पर आपातकालीन स्थिति से निपटने की योजना बनाने का निर्देश दिया। साथ ही नगर परिषद जमुई को सप्ताह में दो दिन अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश, सिविल सर्जन , अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी , मोटर यान निरीक्षक समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टेंपू में छिपाकर लाये जा रहे शराब को पुलिस ने किया जब्त, शराब तस्कर हुआ गिरफ्तार




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] टेंपू में शराब छिपाकर ले जा रहे एक शराब तस्कर को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को पकड़ा है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस को सिमुलतला होते हुए झाझा में विदेशी शराब लाने की सूचना मिली जिसके बाद पुअनि नंदन कुमार, पुअनि कुंज बिहारी एवं दलबल के साथ सतीघाट के पास पहुंचा तो एक टेंपू सामने से आ रहा था जिसपर संदेह होने के कारण टेंपू को रूकवाते हुए टेंपू चला रहे व्यक्ति से पूछताछ किए जाने पर उसपर संदेह हुआ और टेंपू की तलाशी ली गई तो सीट के नीचे छिपाकर रखे भारी मात्रा में शराब, बीयर बरामद हुआ। जिसके बाद शराब तस्कर को पकड़ने के बाद उसे थाना लाया गया और टेंपू को जब्त किया गया। पकड़े गए शराब तस्कर की पहचान थानाक्षेत्र के गिद्धको गांव निवासी दिलीप वर्मा के रूप में हुई है। जिसके पास से 48 पीस केन बियर और 57 पीस विदेशी शराब बरामद हुआ। पकड़े गए शराब तस्कर से पूछताछ में यह बात सामने आई कि वह शराब सिमुलतला थानाक्षेत्र के टेलवा से लेकर झाझा आ रहा था। पकड़े गए शराब तस्कर के विरूद्ध आगे की कार्रवाई पुलिस के द्वारा कि जा रही है।

## क्षतिग्रस्त बरमसिया पुल को ले किया विरोध प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक बिनोद यादव उर्फ फुटल कपार की अध्यक्षता में दुर्गा मंदिर चौक पर कैंडल जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया है। विनोद यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग व पदाधिकारियों को दिन के उजाले में भी पुल का जर्जर स्थिति दिखाई नहीं पड़ रहा है। इसलिए कैंडल जलाया गया ताकि इन सभी लोगों को बरमसिया पुल का पीलर जो हवा में लटका हुआ है वह उन्हें दिखाई पड़े। एक और जहां दो वर्षों पूर्व से यह पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पुल का पीलर हवा में लटकी हुई है। जिससे कभी भी एक बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। श्री यादव ने बताया कि पुल का जीर्णोद्धार एवं नया पुल ना बनाकर मेरे ऊपर झूठा मुकदमा कराया जाता है जो दुर्भाग पुर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे उपर आरोप लगाया गया है की बिनोद यादव उर्फ फुटल कपार के द्वारा बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया है। जबकी कार्यक्रम से पूर्व 19 सितंबर को ही प्रखंड मुख्यालय जाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से सभी कार्यक्रम के लिए लिखित आवेदन दिया गया है। जिसका प्रखंड कार्यालय द्वारा दी गई रिसीविंग आवेदन की छाया प्रति भी मेरे पास मौजूद है। साथ ही साथ जिस समय आवेदन सौंपा गया उसका वीडियो भी हमारे पास मौजूद है। साथ ही प्रखंड मुख्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरा के द्वारा भी इसे देखा जा सकता है। अनुमति देना या ना देना वह पदाधिकारी का काम है मेरा काम है संवैधानिक ढंग से जनता हित के लिए अनुच्छेद 19 (1) क के तहत अपना मांग रखना। आगे मेरे ऊपर आरोप है कि 25 सितंबर को बरमसिया पुल जाम करके मैंने पुतला दहन किया। जबकि ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया है। श्री यादव ने राजस्व कर्मचारी कमलेश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा हे कि लगता है उनके द्वारा बरमसिया पुल आंदोलन को दबाने के लिए किसी के कहने पर झूठा मुकदमा करने पर मजबूर थे। यदि बरमसिया पुल पर जमकर किए गये पुतला दहन का कोई भी वीडियो फुटेज , फोटो या कोई और साक्षय हे तो पेश करें। मेरे ऊपर आरोप लगाया गया है कि पुतला दहन का परमिशन नहीं लिया गया है। कौन सा पदाधिकारी का हिम्मत है जो पुतला दहन का परमिशन किसी को दे सके। परंतु भारतीय लोकतंत्र में पुतला दहन का कार्यक्रम होता है। आंदोलन को दबाने के लिए एवं बरमसिया पुल से ध्यान भटकाने के लिए साजिश के तहत झूठा मुकदमा किया गया हे। बिनोद यादव उर्फ फुटल कपार ने आमजनों से आग्रह पुर्वक अपील करते हुए कहा की आप सभी लोग अपना आशीर्वाद और समर्थन मुझे दें। जनता की हित के लिए मे नातो कभी किसी से डरा हूं नाही कभी डरूंगा , ओर जन जन के लिए हमेशा लड़ूंगा। बिनोद यादव ने कहा कि जन जन के लिए एक मुकदमा नहीं सौ मुकदमा भी होगा मुझे फर्क नहीं पड़ता , मैं आमजनों के लिए हमेशा आवाज उठाता रहूंगा ओर जन-जन के लिए मैं अपना गिरफ्तारी बारंबार देता रहुंगा। मौके पर संतोष कुशवाहा , मनोज ठाकुर , बुल्लू मंडल , मुकेश दास , अरविंद ठाकुर , अरविंद दास तथा राकेश कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र को कैशोफरका गाँव से अन्यत्र ले जाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई सोनो प्रखंड स्थित कैशोफरका गांव में सालों पूर्व से चल रहे उपस्वास्थ्य केन्द्र को उठाकर पंचायत के दुसरे गांव कसरोटी ले जाया गया , जिसका विरोध ग्रामीणों ने खुल कर किया। विरोध का नेतृत्व कर रहे भाजपा मंडल संयोजक नरेश गुप्ता के साथ बोलबम राय , गोपाल रजक , रंधीर चौधरी , मन्नू पासवान , स्वामीनाथ पासवान , किशोर मंडल , राजमणि सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। इस दौरान नरेश गुप्ता ने कहा कि कैशोफरका 400 से अधिक घरों का एक बड़ा गांव है , इतना बड़ा गांव पंचायत में कोई और नहीं है। लेकीन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि मेरे गांव के साथ किये जा रहे राजनीतिक सडयंत्र के तहत इस उप स्वास्थ्य केंद्र को दुसरे गांव ले जाना हम सबके लिए अन्याय है। क्योंकि 3200 वोटर और 7000 से अधिक जनसंख्या वाले इस गांव से उपस्वास्थ्य केंद्र को यहाँ से हंटा देना हम सब ग्राम वासियों को कतई बर्दाश्त नहीं होगा। मौके पर पहुंचे भाजपा जिला मंत्री सह महेश्वरी मण्डल प्रभारी मनोज पोद्दार ने इस फैसले को गलत बताते हुए सिविल सर्जन जमुई को दूरभाष पर बातचीत करने का प्रयास किया लेकिन बात नही हो पाई। उन्होंनें कहा कि इस विषय पर जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों को आवेदन पत्र के माध्यम से अन्यत्र ले जाये गए इस उप स्वास्थ्य केंद्र के संबंध में अवगत कराया गया था लेकिन कोई कार्यवाई नहीं हुई। दोबारा उनसे बात करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि इसके पश्चात भी उप स्वास्थ्य केंद्र को नहीं रोका गया तो स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय से मुलाकात कर इस मामले से उन्हें अवगत कराए जायेंगे।

## दुगार्पूजा मनाने को लेकर तारापुर थाना में की गई शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर ( मुंगेर)। पूरे भक्ति भाव के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर तारापुर थाना में शांति समिति की बैठक अनुमंडलाधिकारी राकेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। गौरतलब है कि बैठक में उपस्थित सभी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों ने दुगार्पूजा को लेकर अपना अपना पक्ष रखा। सबसे पहले दुगार्पूजा नवरात्रा के शुरूआती दिनों से लेकर विसर्जन दिन तक सभी दुर्गा पूजा कमिटि के अध्यक्षों को मंदिर के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं घटना दुर्घटना को देखते हुए मंदिर के आसपास बोरी में भरकर बालू भी रखने की सलाह दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने दुर्गा पूजा कमेटी के लोगों से स्थानीय थाना के माध्यम से दुर्गा पूजा मानने को लेकर लाइसेंस प्राप्त करने का सख्त निर्देशित किया गया। पूजा के दौरान मंदिर के आसपास लाइट एवं पेयजल की बेहतर व्यवस्था बहाल रखने को कहा गया। तारापुर थाना क्षेत्र के बड़ी दुर्गा मंदिर राधा गोविंद ठाकुरवाड़ी, मोहनगंज, उल्टानाथ महादेव, धौनी ,रणगांव, भगलपुरा, पियारपुर , विषय , एवं बिहमा इत्यादि दुर्गा मंदिर केआस पास विधि व्यवस्था को लेकर पूजा के दौरान मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल बहाल रहने की बातें भी पदाधिकारीयों के द्वारा बताया गया। बता दे कि अंगप्रदेश का ऐतिहासिक तांत्रिक शक्तिपीठ तिलडीहा दुर्गा मंदिर पर महाअष्टमी नवमी एवं विजयदशमी के दिन बांका, मुंगेर, भागलपुर जमुई ,खगड़िया , बेगूसराय , के अलावे पड़ोसी देश नेपाल से आने वाले मां दुर्गा दर्शन को लेकर आने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया पर सवार श्रद्धालुओं के लिए तिलडीहा दुर्गा मंदिर आने का दो प्रमुख मार्ग को प्रशासन द्वारा तय किया गया है। पहला बिहार मोहनगंज छत्रहार कच्ची कावंरिया पथ के रास्ते गोगाचक बजरंगबली मंदिर तक एवं दूसरा रास्ता बंशीपुर धोबई कच्ची कावंरिया पथ के रास्ते गोगाचक सरकारी धर्मशाला के समीप तक तय किया गया है। तो वहीं तारापुर पुरानी बाजार के रास्ते गोगाचक बजरंगबली मंदिर तक के पक्की रास्ते में साफ सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था बहाल करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत तारापुर के कार्यपालक पदाधिकारी को दी गई। इस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुधांशु शेखर थानाध्यक्ष राजकुमार बीडीओ प्रशांत कुमार सीओ संतोष कुमार लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह मेयर नीलम देवी चंद्रर सिंह राकेश जितेंद्र कुशवाहा जय कृष्ण सिंह हरे कृष्ण वर्मा पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा चंद्रशेखर चौधरी कैलाश भगत , मुख्य रूप से मौजूद थें।

## जमुई डीएम अभिलाषा शर्मा ने जनता दरबार पोर्टल का किया उद्घाटन

### 15 दिनों में करना होगा समस्या निपटारा




- अब घर बैठे जनता दरबार में दर्ज करा सकेंगे शिकायत
- जनता दरबार ऑनलाइन पोर्टल का हुआ उदघाटन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई. अक्सर ऐसा देखने को मिलता है जब लोग अपनी समस्या को लेकर डीएम ऑफिस के चक्कर लगाते रहते हैं। डीएम के जनता दरबार में अपनी परेशानी लेकर जाने के लोगों को लंबी कतारों में भी खड़ा रहना पड़ता है। लेकिन, अब जमुई में जिला प्रशासन ने खास पहल की है। इस पहल के बाद अब लोगों को अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगा यानि अब लोग अपनी समस्या और शिकायत से जुड़ा अपना आवेदन ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं। दरअसल जमुई की डीएम अभिलाषा शर्मा ने डीएम के जनता दरबार ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत कर दी है। अब ऐसे में कोई शख्स घर बैठे डीएम के जनता दरबार में शिकायत दर्ज करवा सकता है। निष्पादन में क्या कार्रवाई की जा रही है इसकी जानकारी भी शिकायतकर्ता को ऑनलाइन मिल जाएगी।

जनता के दरबार ऑनलाइन पोर्टल शुरू हो जाने से अब उन विभागीय अधिकारी को भी सचेत रहना पड़ेगा जिनके संदर्भ का वह मामला होगा। समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में डीएम के जनता दरबार ऑनलाइन पोर्टल के उद्घाटन के समय जिले के विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहें।, जिन्हें इसको लेकर आवश्यक निर्देश भी दिया गया। 15 दिनों करना होगा निपटारा डीएम ने निर्देश दिया कि अगर कोई शख्स खुद डीएम के जनता दरबार में पहुंचकर अपनी शिकायत या गुहार लगाता है. उसकी भी जानकारी उसे ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई जाएगी, जिससे यह पता चलेगा कि आवेदन या शिकायत पर क्या कार्रवाई हो रही है। बताया गया है कि जनता के दरबार में आए हुए आवेदन का निपटारा 15 दिनों में कर दिया जाएगा। इंटरनेट की इस दुनिया में अब जिले का कोई शख्स घर बैठे अपने मोबाइल से इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत पहुंचा सकता है। लोगों को होगी सहूलियत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि यह पोर्टल जिले की जनता के लिए बनाया गया है। जिसके माध्यम से कोई भी सहूलियत से अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। देखा जाता है कि कई लोग को छोटी शिकायत के लिए ऑफिस जाना पड़ता है और काम नहीं हो पता है। सभी ऑफिसर्स के लेवल पर मॉनिटरिंग करने के इस पोर्टल का उद्घाटन हुआ है।. आवेदक घर से भी आवेदन भेज सकता है। एसएमएस के माध्यम से उन्हें पता चलेगा कि किस तिथि को उन्हें कलकेट्रेट में आकर उन्हें मामला को बताने का मौका मिलेगा साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी को भी मार्क हो जाएगा। हर स्टेप की जानकारी भी आवेदक को मिलेगी ताकि उन्हें जानकारी मिले की उनके आवेदन पर क्या कार्रवाई हो रही है। शुक्रवार को ऑफलाइन जनता दरबार भी चलेगा वहीं डीएम के अनुसार हर शुक्रवार को जनता दरबार भी चलेगा, जो आवेदन वहां आएगा वह भी पोर्टल पर ऑनलाइन लॉगिन होगा।

अगर कोई शिकायत का निष्पादन संतोषजनक नहीं होगा तो उसे अलग कैटेगरी में रखा जाएगा. विभागीय अधिकारी उस मामले पर क्या कर रहे हैं। वह भी जानकारी उससे मिलेगी. लक्ष्य रहेगा कि 15 दिन के अंदर मामला का निष्पादन हो जाएगा।

## रेफरल अस्पताल का विधायक दामोदर रावत ने निरीक्षण कर सुविधाओं की ली जानकारी

### विधायक ने कहा कि अगले माह से अस्पताल बनाने की प्रक्रिया शुरू होने की बनी है संभावना

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [झाझा] बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह वर्तमान जदयू के क्षेत्रीय विधायक दामोदर रावत के द्वारा रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया गया। विधायक ने अस्पताल में पहुंचकर अस्पताल में होने वाले इलाज को लेकर समुचित व्यवस्था को देखा। इस दौरान उन्होंनें डॉक्टर सत्यजीत प्रियदर्शी से मिलकर मरीजों को दी जाने वाली दवा और बेहतर इलाज की भी जानकारी लिया। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र से अस्पताल में कितने प्रकार की दवा मरीजों की दी जाती है अस्पताल में कितना प्रकार की दवा उपलब्ध है इसके बारे में जानकारी ली। साथ ही अस्पताल में प्रत्येक दिन कितने लोगों अनुमानित प्रसव होता है, प्रसव के बाद प्रसुता और बच्चें को समुचित सुविधा मिलती है कि नही इसकी जानकारी लेते हुए अस्पताल में इलाज करवाने पहुंचे मरीजों से भी बेहतर इलाज होता है कि नही इसके बारे में पूछताछ किया। विधायक ने बीपी का कार्य सही रूप से होता है कि नही इसको लेकर स्वयं बीपी जांच करवाया। निरीक्षण के दौरान पीएमडब्ल्यू प्रमोद कुमार से कुष्ट रोगी के खोजबीन को लेकर चलाए जा रहे मरीजों के बारे में पूछताछ करते हुए कहा कि अभी तक कितने कुष्ट रोगी मिला है इसका पूरा विवरण लिया। विधायक ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल के संसाधन की भी जांच किया। विधायक ने बताया कि अस्पताल के जर्जर भवन को लेकर हमारे द्वारा प्रयास किया जा रहा था जो सफल हुआ है और अस्पताल का निर्माण कार्य अगले माह से शुरू होने की संभावना भी बनी हुई है। तीस बेड का बनने वाले अस्पताल को लेकर अन्य जगहों का भी निरीक्षण किया लेकिन रेफरल अस्पताल परिसर ही सर्वोच्च स्थल लगा है और इसी परिसर में अस्पताल बनाया जाएगा जिसमें मरीजों के इलाज के लिए सभी संसाधन मुहैया होगा जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। उन्होनें निरीक्षण को लेकर बताया कि अस्पताल में निरीक्षण में जो भी जांच किया गया वह संतोषजनक रहा। मौके पर जदयू कार्यकर्ता संजय सिन्हा, सुबोध केशरी, शशिकांत झा, दिवाकर माथुरी सहित अस्पताल के डॉक्टर एवं अन्यकर्मी मौजूद थे।

## मीटर के विरूद्ध राजद ने प्रखंड कार्यालय परिसर में दिया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] स्मार्ट ऊर्जा मीटर को लेकर राजद के द्वारा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव ने किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सहित राजद नेता कामदेव यादव, पप्पू यादव, राज यादव, पिंटू यादव, साधु शरण दास, विरेंद्र राम, कार्यक्रम पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त सुनील कुमार ने स्मार्ट ऊर्जा मीटर को लेकर अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि बिहार सरकार के द्वारा 2019 से स्मार्ट ऊर्जा मीटर लगाने का कार्य चल रहा है तथा 2025 मार्च तक लगभग 2 करोड़ सभी उपभोक्ता के घरो में लगाने का निर्देश भी दिया गया। लोगों ने कहा कि सरकार की यह सोची समझी साजिश है तभी सरकार ने बिहार राज्य विद्युत बोर्ड को विखंडित किया, ताकि इनको मार्केट ड्राइवेन पॉलीसी से जोड़ा जाए और प्रावईट कंपनियों को फायदा मिल सके और इसी कारण जबरन घर घर में स्मार्ट ऊर्जा मीटर लगाया जा रहा है। आज पुराने मीटर की तुलना में स्मार्ट ऊर्जा मीटर से अत्यधिक बिल उपभोक्ताओं के पास आ रहा है। लोगों ने आगे कहा कि स्मार्ट ऊर्जा मीटर में एक यूनिट का पांच रूपए से दस रूपए अधिक राशि वसूला जा रहा है जिससे राज्य में रहने वाले लोग पहले से बेरोजगारी, महंगाई से त्रस्त है और ऐसे में स्मार्ट ऊर्जा मीटर का अत्यधिक बिल आने से उनलोगों के ऊपर आर्थिक बोझ पड़ रही है। इसके अलावे स्मार्ट ऊर्जा मीटर को लेकर लगातार कई जगहों से शिकायत भी सामने आती है। इसलिए राजद हमेशा इस मुददे को लेकर राज्य से लेकर सदन में आवाज उठाने का काम कर रही है।

## मुख्य सचिव ने जिले की विभागीय कार्यों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई बिहार में विकासात्मक कार्यों में तीव्र गति लाने के मद्देनजर मुख्य सचिव, बिहार श्री अमृत लाल मीणा के द्वारा मंगलवार 01 अक्टूबर को 11:00 बजे अपराह्न से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने कार्यों की समीक्षा के साथ साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी, श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी महोदया के कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक में भाग लिया। मुख्य सचिव ने कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, गन्ना उद्योग विभाग तथा जल संसाधन विभाग आदि के आंकड़ों से रूबरू हुए और कार्यों में तीव्र गति लाने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने मौजूद विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर देय दायित्वों का निर्वहन किए जाने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें और प्रदेश के बदलाव में अहम भूमिका निभाएं। जिला पदाधिकारी महोदया ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिए जाने का निर्देश सभी सम्बन्धित पदाधिकारी को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत मे अनियमितता बर्दाश्त नही किया जायेगा। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वन प्रमंडल पदाधिकारी जमुई, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी , जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला कृषि पदाधिकारी , जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुंगेर में हत्या का दौर शुरू अपराधी घूम रहे हैं खुले आम दारोगा के उपर भी हत्या का लग रहा है आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। आपराधिक घटनाओं और कई तरह के तस्करी के मामले में मुंगेर जिला वर्षों से बदनाम रहा है पुलिसकर्मी के भ्रष्टाचार करने के वजह से अपराधी अपराध करने का तरीका बदल दिया है आज हत्या के खून के छिटे तो अब वर्दी पर भी लगने लगे हैं जिसका जीता जागता सबूत मुंगेर के कासिम बाजार थाना के दरोगा संजय कुमार पर सम्राट उर्फ राजा जाधव के पिता अरुण यादव ने सम्राट की हत्या का आरोप लगाया है अरुण यादव ने बताया की 9:00 बजे सम्राट की मां से फोन पर बात हुई थी जब मैं 11:00 बजे कॉल किया तो दरोगा संजय कुमार ने कॉल उठाया है की हत्या और घटनास्थल से थाने की दूरी क्या है और सम्राट थाना पर मोबाइल अगर भूल गया था तो दरोगा का मोबाइल सम्राट की हत्या के बाद दरोगा के पास कैसे आया संजय का कहना है कि के सम्राट अपना मोबाइल थाना पर भूल गया था और दरोगा का मोबाइल लेकर चला गया था अगर दरोगा का इस हत्या में हाथ नहीं है तो हत्या के बाद दरोगा के पास सम्राट का मोबाइल कैसे आया जो जांच का विषय है। मुंगेर पुलिस थाना अध्यक्ष संजय कुमार यादव जिला निवासी दिलीप यादव और बादशाह यादव को अभियुक्त बनाया गया है जो मुंगेर पुलिस के लिए यह चैलेंजिंग माना जा रहा है जांच अधिकारी और एसपी मुंगेर के लिए न्याय दिलाने जैसी चुनौती बना हुआ है।

सम्पादकीय

# एक बज्जिका नवगीत!

मुट्ठी भर चूड़ा,मिठ्ठा आ
दे कऽ एगो पन्नी

नेताजी कह गेलन हऽ जे
रखिहे याद रे सन्नी !

रखिहे याद के माने हय कि
दीहे भोट तु हमरे
मौका एक तकैछन अबरी
राजनीति में नमरे

अपन जिलेबी छाने खातिर
किनलन बड़का छन्नी !

ऊँट के मुँह में जीरा दे कऽ
खिंचलन बड़का फोटो
मोटरबोट से वापस गेलन
हम पानी में लोटो

नैया ऊपर झंडा फहरे
चमके फन्ना फन्नी!

दिन दहार में कोई किनतन,
कोई साँझ सकारे
कोई ठगतन असगऽरे में
कोई भरल बजारे

कोई पटना चऽले कहतन
कोई चल मधुबन्नी!

लालबुझक्कर बुझलक कब्बे
छब्बे जी के भाषा
बाढ़ बहाने फेंके अयलन
अप्पन-अप्पन पासा

भोट हमर अनमोल हय बाबू
बिकत न औनी पौन्नी!

# सर्वपितृ अमावस्या का महत्त्व



श्रीमती प्राची जुवेकर

प्रति वर्ष श्राद्ध विधि करना यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण आचार धर्म है एवं उसका महत्व अनन्य साधारण है। पुराणकाल से चलती आ रही इस विधि का महत्व हमारे ऋषि मुनियों ने अनेक धर्म ग्रंथो में लिखकर रखा है।इस लेख में सर्वपितृ अमावस्या का महत्व हम जान कर लेंगे।दिनांक के अनुसार इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या 02 अक्टूबर को है। प्रतिवर्ष श्राद्धविधी करना यह हिन्दू धर्म का एक महत्त्वपूर्ण आचारधर्म है और उसका महत्त्व अनन्यसाधारण है ।पुराणकाल से चले आ रहे इस विधी का महत्त्व हमारे ऋषीमुनियों ने अनेक धर्मग्रंथ मे लिखा है ' इस लेख में सर्वपितृ अमावस्या का महत्त्व हम जानते हैं। पितृपक्ष की अमावस्या को ही सर्वपितृ अमावस्या कहते हैं ।इस तिथि पर कुल के सभी पितरों के लिए यह श्राद्ध किया जाता है । पूरे वर्ष में अथवा पितृपक्ष के अन्य तिथियों पर श्राद्ध करना संभव ना होने पर, इस तिथि पर सभी पितरों के लिए यह श्राद्ध करना अत्यंत आवश्यक है; क्योंकि पितृपक्ष की यह अंतिम तिथि है । शास्त्र में बताया गया है कि श्राद्ध के लिए अमावस्या की तिथि अधिक योग्य तिथी है और पितृपक्ष की अमावस्या यह सर्वाधिक योग्य तिथि है । शास्त्र में जिन कृतियों के लिए जो काल निश्चित कर दिया है, उस-उस काल में वो कृति करना आवश्यक और महत्त्वपूर्ण है । इसलिए पितृपक्ष में ही महालय श्राद्ध करे ' विभिन्न पक्षों ने पितृपक्ष में महालय श्राद्ध करने की बात कही है ' पितृपक्ष में केवल एक दिन मृत व्यक्ति की मृत्यु तिथि पर ही महालय श्राद्ध किया जाता है। यदि कोई जन्म शौच या मृत्यु शौच (सुवेरा-सूतक) या किसी अन्य अपरिहार्य कारण से उस तिथि पर महालया श्राद्ध करने में असमर्थ है तो उसे सर्वपितृ अमावस्या को श्राद्ध करना चाहिए। अन्यथा सुविधानुसार कृष्ण पक्ष की अष्टमी, द्वादशी, अमावस्या और व्यतिपात योग के दिन भी महालया श्राद्ध किया जा सकता है। कलियुग में कम-अधिक प्रमाण में प्रत्येक को आध्यात्मिक कष्ट होने के कारण, श्राद्ध करने के साथ ह्यश्री गुरुदेव दत्तह्न यह नामजप भी अधिकाधिक करे । दत्त देवता का पितरों के स्वामी होने के कारण उनके नामजप से पितरों को सद्गति मिलने में सहायता होती है ' उसका लाभ हमें भी होता है ।

# देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत रहने वाले व्यक्ति थे लाल बहादुर शास्त्री

जवाहरलाल नेहरू के निधन के पश्चात देश के समक्ष एक चुनौती खड़ी हो गई थी कि अगला प्रधानमंत्री किसे बनाया जाए ऐसे में श्री लाल बहादुर शास्त्री को हिंदुस्तान का दूसरा प्रधानमंत्री बनने पर आम सहमति हो गई उन कठिन परिस्थितियों में जब उन्होंने देश का नेतृत्व संभाला, तो उनकी कार्य कुशलता, समझदारी, धैर्य परिपक्वता आदि बहुत से गुणों से सारा मुल्क भली-भांति अवगत हुआ साथ ही लोगों के सामने यह भी उदाहरण उभर कर आया कि हिंदुस्तान जैसे देश का प्रधानमंत्री एक साधारण घर का व्यक्ति भी हो सकता है व्यक्ति कठोर परिश्रम, आत्मावलंबन, आत्मसम्मान, दूरदर्शिता, विनम्रता और सहनशीलता जैसे गुणों के कारण ही महान बनता है। इसके ज्वलंत उदाहरण थे-लालबहादुर शास्त्री। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अकटूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। इनके पिता का नाम मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव और मां का नाम राम दुलारी देवी था। शास्त्री जी के पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। उन्हे लोग मुंशी जी कहकर संबोधित करते थे। शास्त्री जी के बाल्यकाल में ही इनके सिर से इनके पिता का साया उठ गया था। पिता के निधन के पश्चात उनकी मां रामदुलारी देवी अपने पिता हजारीलाल के घर मिजार्पुर आ गई। हालांकि कुछ समय बाद ही शास्त्री के नाना भी चल बसे ऐसी स्थिति में लालबहादुर शास्त्री की परवरिश करने में उनके मौसा मौसी ने उनकी मां की हर तरह से मदद की। इस सबके बावजूद वे उन सुनहरे दिनों से वंचित हो गए जिसके वे हकदार थे। खेलने खाने की उम्र में उन्हें अभावों में जीवन यापन करने पर विवश होना पड़ा। यही अहम् वजह थी कि उनमें स्वावलंबन की प्रवृत्ति बाल्यकाल से भरी हुई थी। वे बाल्यकाल से ही भोजन बनाने। कपड़े साफ करने से लेकर अपना सारा काम स्वयं ही अपने हाथों से करते थे। अभावों ने उन्हें संयमशील, परिश्रमी, कर्मशील, स्वाभिमानी और स्वावलंबी बनाया, जो जीवनपर्यंत उनकी पूंजी रही, लालबहादुर शास्त्री जी में ज्ञान प्राप्ति की इतनी बलवती थी कि उसके आगे अभाव रुपी सारी बाधाएं बोनी हो जाती। पढ़ने की लगन और अभावों के बीच जब अंतर्द्वंद्व छिड़ता तो अभाव ही हमेशा पराजित होता। यह बात इस उदाहरण से स्पष्ट होती है कि जब शास्त्री जी के पास नाविक को देने के लिए पैसे नहीं होते थे। तो वे रामनगर से गंगा नदी को तैरकर पार करके हरिश्चंद्र स्कूल पहुंचते और अपनी कक्षा में सबसे ज्यादा अंकों से उत्तीर्ण होते थे। आगे चलकर स्वयं के सभी काम अपने हाथ से करना उनकी आदत बन गई थी। वह जेल में होते थे या बाहर अपने कपड़े स्वयं ही धोते थे। प्रधानमंत्री बनने पर भी कभी-कभी वह अपने कमरे की सफाई स्वयं कर लेते थे। नौकर जब तक बिस्तर बछाने के लिए आते तब तक वे स्वयं ही बिछा चुके होते थे। उनकी इस आदत को देखकर यदि कोई उन्हें मना करता तो वे बड़े आदर से कहते भाई। जो आदत बाल्यकाल से बनी है। उसमें क्यों परिवर्तन किया जाए। ईश्वर ने जब हाथ पैर सही सलामत दिए हैं तब दूसरों को कष्ट क्यों दिया जाए। शास्त्री जी ने जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त कर्म की ही उपासना की उन्होंने किसी आवश्यक वस्तुओं की। अभिलाषा कभी नहीं रखी यह उनके व्यक्तित्व कि सबसे बड़ी खासियत थी। शास्त्री जी सदा आत्मसम्मानी को बनाए रखने में भरोसा करते थे।

# स्वच्छता ही सेवा : जन भागीदारी का सबसे बड़ा कार्यक्रम

**यह बात भी सही है कि स्वच्छता को लेकर अभी कई चुनौतियाँ बाकी हैं मसलन शौचालय के लिये बुनियादी ढाँचे महत्त्वपूर्ण हैं लेकिन ये अकेले ही रोगजनकों के मल-मौखिक संचरण को रोकने के लिए पूर्व-आवश्यकता के रूप में काम नहीं आ सकते। ग्रामीण क्षेत्रों में जल की आपूर्ति की कमी एक प्रमुख मुद्दा है, जिससे शौचालय के गैर-उपयोग की दर बढ़ जाती है। शैक्षणिक संस्थानों, बाल देखभाल केंद्रों, अस्पतालों एवं अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों को स्वच्छता अभ्यासों में और प्रगति की आवश्यकता है। इसके साथ ही स्वच्छता को लेकर लोक व्यवहार में बड़े बदलाव की जरूरत अभी भी बनी हुई है ।**






कमल किशोर
लेखक, वरिष्ठ पत्रकार

ह स्वच्छ भारत मिशन से स्वच्छता ही सेवा तक तथा संपूर्ण स्वच्छता से स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता तक का सफर एक ऐसे असंभव से लगने वाले लक्ष्य की प्राप्ति के एक दशक लंबे सफर की कामयाबी का जश्न है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत भागीदारी और नेतृत्व ने बेहद प्रभावशाली और संसाधन युक्त बना दिया है ।इन प्रयासों की विशालता का अंदाज केवल इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब स्वच्छता अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी तब यानी वर्ष 2014 तक केवल 39 प्रतिशत लोगों तक ही सुरक्षित स्वच्छता वाली सुविधाओं की पहुंच थी लेकिन स्वच्छता अभियान ने इतना तीव्र बदलाव लाया है कि मात्र एक दशक में भारत के स्वच्छता परिदृश्य को एक नया स्वरूप मिल चुका है । अब 73 प्रतिशत कचरे को परिष्कृत किया जा रहा है और 4,000 शहरों में 97 प्रतिशत तक कचरा संग्रह हो रहा है और 2021 से 427 कचरा स्थलों की सफाई की गई है। आज की तारीख में लगभग 2 लाख 92 हजार ओडीएफ प्लस मॉडल गाँव हैं, जो भारत के ग्रामीण गाँवों का 50 प्रतिशत से अधिक है ।इसमें 5 लाख 53 हजार से अधिक ओडीएफ प्लस गाँव, साढ़े 3 लाख से अधिक अपशिष्ट संग्रह और पृथक्करण शेड और अब तक बनाए गए 11 करोड़ 60 लाख से अधिक शौचालय शामिल हैं। स्वच्छ भारत मिशन ने टिकाऊ स्वच्छता समाधानों पर जोर दिया जिसकी वजह से स्वच्छता की स्थिति में सुधार आया। इस मिशन की सफलता के पीछे राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति एक बहुत बड़ा कारण थी। इसी का नतीजा रहा कि सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के पहले 5 वर्षों के दौरान 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बजटीय परिव्यय की तुलना में 2020-2025 की अवधि के लिए 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का बजटीय परिव्यय आवंटित किया है। यानी इस अभियान को संसाधनों की कमी न रही । आज इस बेहद महत्वाकांक्षी अभियान की विश्व स्तर पर सराहना हो रही है । विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा था कि विभिन्न देश किस तरह से स्वच्छता सेवाएं सभी को मुहैया करा सकते हैं, ह्यस्वच्छ भारतह्न अभियान इसका एक अच्छा उदाहरण है। इसी तरह यूनिसेफ ने स्वच्छ भारत अभियान की स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की तारीफ की है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्वच्छ भारत अभियान के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा 24 सितम्बर 2019 को ग्लोबल गोलकीपर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) ने भारत में शहरी और ग्रामीण स्वच्छता और सफाई में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। 100% खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति प्राप्त करने , वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) सुनिश्चित करने और ह्व जन आंदोलन ह्व (लोगों के आंदोलन) के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन को आगे बढ़ाने पर केंद्रित प्रयासों का दूरगामी प्रभाव पड़ा है। इस अभियान के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी कि यह उस विषय पर चिंता जाहिर करता था जिसे लेकर समाज में एक खास तरह की उदासीनता थी । लोग सदियों से खुले में शौच करते आ रहे थे और तमाम स्वास्थ्य सम्बन्धी बहसों के बावजूद इसे बिलकुल सामान्य माना जाता था । शहरों से गाँव तक सफाई का एक प्रभावकारी तंत्र न था और लोग सफाई को लेकर जरा भी सजग न थे. लेकिन जब प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को लेकर इस संघर्ष की शुरूआत की तो इसके लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी माने गए जिसके लिए प्रचुर संसाधनों की जरुरत थी जो आज से १० वर्ष पूर्व असम्भव सा लग रहा था लेकिन जब प्रधानमंत्री ने अपनी व्यक्तिगत रूचि इसमें दिखाई तो संसाधनों की कमी कोई मुद्दा ही नहीं रह गया । हमने पाया कि केन्द्रीय बजट में स्वच्छता को लेकर लगातार प्रभावी प्रावधान किये गए । हमने पाया कि सार्वभौमिक स्वच्छता सरकार के विकास एजेंडे में सबसे ऊपर है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये रही कि इस अभियान में आम लोगों की भागीदारी प्रारंभ से ही बनाये रखने की कोशिश की गयी और इसे प्रधानमंत्री ने सरकारी कार्यक्रम से ज्यादा जन अभियान का स्वरूप देने में कामयाबी हासिल की । इसका नतीजा ये भी निकला कि स्वच्छता के बुनियादी कार्यक्रम और आधारभूत संरचनात्मक विकास तो चलता ही रहा , आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक और सजग करने का कार्य भी सहजता से अंजाम दिया गया ।इस प्रकार राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान एक परिवर्तनकारी पहल रही जिसने भारत में स्वच्छता में क्रांति ला दी है जिससे व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। करोड़ों शौचालय उपलब्ध कराकर, शिशु मृत्यु दर को कम करके और महिलाओं की सुरक्षा में सुधार करके, इस अभियान ने भारतीयों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि 2014 की तुलना में 2019 में डायरिया से 3 लाख कम मौतें हुई जिसका सीधा सम्बन्ध स्वच्छता से रहा। स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता का उद्देश्य पूरे भारत में स्वच्छता के लिए सामूहिक कार्रवाई और नागरिक भागीदारी की भावना को फिर से जगाना है जिसमें संपूर्ण समाज दृष्टिकोण के अंतर्गत तीन प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया है ।इनमें स्वच्छता लक्ष्य इकाइयाँ (सीटीयू) ( इसके तहत श्रमदान गतिविधियाँ जिनका उद्देश्य लक्ष्य इकाइयों और सामान्य स्वच्छता का समयबद्ध परिवर्तन करना है, स्वच्छता में जन भागीदारी, जागरूकता और समर्थन को बढ़ावा देना तथा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर यानी इलाज स्वास्थ्य जाँच आयोजित करना और सफाई कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना भी शामिल है । ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सफाई गतिविधियाँ, नागरिकों और साझेदारो की व्यापक भागीदारी के साथ, सी.टी.यू. के रूप में पहचाने गए चुनौतीपूर्ण कचरा स्थलों पर ध्यान केंद्रित करना, स्वास्थ्य जांच, सुरक्षा गियर वितरण और सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुँच के माध्यम से सफाई कर्मचारियों का समर्थन करने वाले शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कलात्मक अपशिष्ट से कला कार्यक्रमो और स्वच्छ खाद्य गलियाँ के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता , स्वच्छता के लिए स्वामित्व और जिम्मेदारी को बढ़ाने के लिए रैलियों, मैराथन और सामुदायिक चचाओं के माध्यम से नागरिकों को संगठित करना इसके प्रमुख आयामों में शामिल है । इसके साथ ही स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने, दैनिक आदतों में स्वच्छता को एकीकृत करने और स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में बदलाव को प्रेरित करना भी इसका एक बड़ा लक्ष्य है ।\

# गांधी के रास्ते पर चलने वाली पांच शख्सियतें

**उन्हें दलितों के हक में गांधी जी के किए काम प्रभावित करते हैं। गांधी जी ने मंदिरों में दलितों के प्रवेश के लिए आंदोलनों का समर्थन किया। डॉ. अग्रवाल का बचपन राजधानी के कृष्णा नगर में बीता। उस दौरान उन्होंने वाल्मीकि समाज की बदहाली को अपनी आंखों से देखा। उसके बाद वे जब सक्षम हुए तो उन्होंने वाल्मीकि समाज के लिए ठोस काम करने शुरू किये। इसकी प्रेरणा उन्हें गांधी जी से ही मिली। वे कहते हैं कि गांधी की आत्मकथा पढ़ने वाले भलीभांति जानते है कि वे बचपन से ही अस्पृश्यता को नहीं मानते थे।**






आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद

हम भारतीय चाहें जितना भी गर्व कर सकते हैं कि महात्मा गांधी जैसी पवित्र शख्सियत का संबंध भारत से है। हालांकि, उनके प्रति सम्मान और आदर का भाव तो सारी दुनिया ही रखती है। वे अपने जीवनकाल और उसके बाद भी करोड़ों लोगों को अपने सत्य और अहिंसा के विचारों से प्रभावित करते हैं। अब भी सारी दुनिया में अनगिनत लोग गांधी जी को ही अपना आदर्श मानते हैं। इसी तरह से न जाने कितने लोग गांधी जी के रास्ते पर चलते हुए अपने - अपने ढंग से संसार को बेहतर बनाने की कोशिशें कर रहे हैं। उनमें भी अब गांधी जी की छवि दिखाई देती है। कात्सू सान उन गांधीवादियों में शामिल हैं जो विश्व बंधुत्व, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए भारत के गांवों, कस्बों, शहरों और महानगरों में घूमती हैं। आप चाहें तो 88 साल की कात्सू सान को देश की सबसे खास गांधीवादी व्यक्तित्वों में एक मान सकते हैं। कात्सू सान राजघाट पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ती हैं। उन्हें सब कात्सू बहन कहते हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। वह गुजरे 60 वर्षों से भी ज्यादा सालों से गांधी जी को पढ़ रही हैं और दुनिया को उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश दे रही हैं। कात्सू सान मूलतः जापानी नागरिक हैं। वह 1956 में भगवान बुद्ध के देश भारत में आईं थीं, ताकि ; उन्हें वे और गहराई से जान लें।

एक बार यहां आईं तो उनका गांधीवाद से ऐसा साक्षात्कार हो गया कि उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। उनमें आप अपनी मां के चेहरे को देख सकते हैं। भारत को लेकर उनकी दिलचस्पी भगवान बौद्ध के चलते ही बढ़ी थी। पर अब तो उन्हें भारत ही अपना देश लगता है। वह कहती हैं कि भारत के कण-कण में पवित्रता है। भारत ही वास्तव में संसार का आध्यात्मिक विश्व गुरु है। भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर वो कहती हैं कि मुझे तो दुनिया में कोई अन्य देश मिला ही नहीं, जहां पर सरकारी कार्यक्रमों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होती हो। भारत ही एक ऐसा देश है जहाँ पर सभी धर्मों का बराबरी का सम्मान मिलता है। कात्सू सान के मुताबिक भगवान बुद्ध और गांधी जी दोनों ही के रास्ते आपको एक दिशा में ही लेकर जाते हैं। इसीलिये ये दोनों सदैव प्रासंगिक रहने वाले हैं। दोनों का जीवन पीड़ा को कम करने और समाज से अन्याय को दूर करने के लिए ही समर्पित रहा था। इसी प्रकार, गांधी जी की दर्जनों मूर्तियां बनाने वाले महान मूर्ति शिल्पकार राम सुतार जी बचपन से ही गांधी के रास्ते पर चलने लगे थे। वे जब गांधी जी की किसी प्रतिमा को शक्ल दे रहे होते हैं, तो उन्हें लगता है मानो वे गांधी से संवाद कर रहे हों। उन्हें गांधी जी की प्रतिमाओं पर काम करते हुए अपार आनंद मिलता है। संसद भवन के प्रांगण में लगी उनकी बनाई गांधी जी की मूर्ति तो बेजोड़ है। इसमें बापू ध्यान की मुद्रा में हैं। यह असाधारण मूर्ति 17 फीट ऊंची है। उनकी कृतियां मुंह से बोलती हैं। उन्होंने ही पटना के गांधी मैदान में स्थापित बापू की मूर्ति को भी तैयार किया था। इसी तरह ब्रदर सोलोमन जॉर्ज भी पक्के गांधीवादी हैं। वे गांधी जी को ही अपना मार्गदर्शक मानते हैं। उन्हें गांधी जी इसलिए भी अपने लगते हैं क्योंकि वह 12 मार्च 1915 को अपनी पहली राजधानी यात्रा के दौरान सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे थे। देश के कई शहरों में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी से जुड़े हुए हैं ब्रदर सोलोमन।

इसी संस्था ने सेंट स्टीफंस कॉलेज स्थापित किया था। ब्रदर सोलोमन बताते हैं कि गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में ईसाई मिशनरी जोसेफ डोक से भी मिले थे, जिन्होंने उनकी पहली जीवनी लिखी। वहां ही उनकी दीनबंधु सीएफ एंड्रयूज से भी उनकी मुलाकात हुई। उन्हें लगता है कि गांधी जी विश्व भर में शांति के सबसे बड़े प्रेरक हुए हैं, जिन्हें दुनिया ने बुद्ध और ईसा मसीह के बाद देखा है। गांधी जी आज के दौर में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने कि वे अपने जीवन काल में थे। ब्रदर सोलोमन की पसंदीदा गांधीवादी शिक्षाओं में से एक है, ह्लअगर कोई दुश्मन आपके बाएं गाल पर वार करे, तो उसे अपना दायां गाल दे दो। आपको डॉ. विनय अग्रवाल में भी गांधी जी की छाया नजर आती है। पेशे से मेडिसिन के क्षेत्र से जुड़े हुए डॉ. अग्रवाल अपने स्तर पर लगातार वाल्मीकि समाज के नौजवानों को रोजगार और उन्हें शिक्षित करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्हें दलितों के हक में गांधी जी के किए काम प्रभावित करते हैं। गांधी जी ने मंदिरों में दलितों के प्रवेश के लिए आंदोलनों का समर्थन किया। डॉ. अग्रवाल का बचपन राजधानी के कृष्णा नगर में बीता। उस दौरान उन्होंने वाल्मीकि समाज की बदहाली को अपनी आंखों से देखा। उसके बाद वे जब सक्षम हुए तो उन्होंने वाल्मीकि समाज के लिए ठोस काम करने शुरू किये। इसकी प्रेरणा उन्हें गांधी जी से ही मिली। वे कहते हैं कि गांधी की आत्मकथा पढ़ने वाले भलीभांति जानते है कि वे बचपन से ही अस्पृश्यता को नहीं मानते थे। अब 62 वर्षीय कृष्णा विद्यार्थी को ही लें। वे राजधानी के पंचकुइयां रोड पर स्थित वाल्मीकि मंदिर के काम-काज को देखते हैं। वाल्मीकि मंदिर और गांधी जी का गहरा संबंध रहा है। वे इसी मंदिर परिसर के एक साधारण से कमरे में 1 अप्रैल 1946 से लेकर 10 जून 1947 तक रहे। कृष्ण विद्यार्थी बीते चालीस सालों से उस कमरे को रोज सुबह साफ- स्वच्छ करते हैं, जिसमें गांधी जी रहते थे। वाल्मीकि समाज से रिश्ता रखने वाले कृष्ण विद्यार्थी कहते हैं कि गांधी जी वाल्मीकि समाज की दशा को सुधारने के लिए जीवन पर्यंत सक्रिय रहे। गांधी जी ने वाल्मीकि परिवारों के बच्चों को यहां पढ़ाया भी। उन्हें इस बात का अफसोस है कि जब गांधी जी 7 सितंबर, 1947 को अंतिम बार दिल्ली आए तो उन्हें वाल्मीकि बस्ती की बजाय बिड़ला हाउस में लेकर जाया गया। तब कहा गया कि वाल्मीकि बस्ती में उनके लिए असुरक्षित है। पर जो जगह कहने को सुरक्षित थी, वहां पर ही उन्हें मार डाला गया। कृष्ण विद्यार्थी के नेतृत्व में यहां पर हरेक 2 अक्तूबर और 30 जनवरी को सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी आयोजित होती है। वे खुद गांधी जी के विचारों के प्रसार-प्रचार के लिए देश के कोने-कोने में जाते रहते हैं। बेशक, ये सब महान शख्सियतें गांधी जी के विचारों को देश-दुनिया में लेकर जा रही हैं। देश-दुनिया में इनके जैसे अनगिनत गांधी वादी सक्रिय हैं। इनमें हमें गांधी जी के दर्शन होते हैं।

# लाल बहादुर शास्त्री जी का पहचान सादगी, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ का था



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 02 अक्टूबर 1904 को वाराणसी के समीप मुगलसराय में हुआ था। वे 20 वर्ष के उम्र में स्वाधीनता आंदोलन में शामिल हो गए थे। भारत की क्रांति के प्रमुख नेताओं में से एक थे। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने थे। उनका पूरा जीवन सादगी और अनुशासन के साथ बिता था। लाल बहादुर शास्त्री जी देशप्रेम और त्याग के रूप में याद किए जाते हैं। लाल बहादुर शास्त्री जी आजादी के बाद कई महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ काम किए थे। इसलिए उनकी पहचान सादगी, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ का रहा था और इसके कायल आज भी लोग हैं। इन्होंने धर्मनिरपेक्षता के विचार को बढ़ावा दिया था। देश को ह्यह्यजय जवान जय किसानह्नह्न का नारा देकर लोगों को एक रहने और देशभक्त बनने का सुझाव दिया था लाल बहादुर शास्त्री जी। लाल बहादुर शास्त्री जी का कार्यशैली देश और समाज के प्रति समर्पित था। उन्होंने अपनी सादगी जीवन में रहकर देश की सेवा और समाज की सेवा कैसे किया जा सकता है, उसका मार्ग प्रशस्त किया था। हम लोगों को उनके द्वारा दशार्ये मार्गदर्शन पर अमल करने की आवश्यकता है। लाल बहादुर शास्त्री जी 1964 से 1966 तक प्रधानमंत्री रहे थे। इन्हीं के शासनकाल में 1965 में भारत -पाकिस्तान युद्ध हुआ था, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को करारा शिकस्त दिया था। यह युद्ध 22 दिन तक चला था। इन्होंने छोटे से कार्यकाल में किसान और मजदूर वर्ग के हालात सुधारने के लिए कई फैसले लिए थे, जिससे देश को एक नई दिशा मिली थी। लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने मंत्रित्व काल में जब वे उत्तरप्रदेश के पुलिस विभाग में मंत्री थे तो उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा लाठी चलाये जाने के जगह पानी का बौछार करने का प्रयोग किया था, जो सफल प्रयोग कहा जाता है, क्योंकि आज भी देश के सभी राज्यों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पानी का बौछौर किया जाता है। इसी तरह उत्तरप्रदेश में ही परिवहन विभाग के मंत्री की हैसियत से उन्होंने पहलीबार महिला संवाहकों (कण्डक्टर्स) की नियुक्ति करने का प्रयोग किया, यह भी सफल प्रयोग रहा। आज की प्रपेक्ष्य में कहा जाय तो देश के सभी राज्यों में लगभग सभी विभागों द्वारा महिलाओं की सेवा ली जा रही है। बिहार राज्य भी इससे अछूता नहीं है बल्कि बढ़चढ़ कर महिलाओं को त्बजो देकर हर क्षेत्र में उसे आगे बढ़ाया है। इसका एक छोटा सा उदाहरण है कि महिला पुलिस सेवा में सड़कों पर आप आमदिन पेट्रोलिंग करते हुए या चौक - चौराहे पर यातायात को नियंत्रित करते हुए देखे जाते है। ये महिलाएं कड़ी धूप में, बरसात में, कड़क की ढंढ को आसानी से सहते हुए समाज सेवा निःसंकोच भाव से कर रही है। भारतीय सेना ने जब पाकिस्तान को शिकस्त दे रहा था तो अमेरिका ने अपने नागरिकों को लौहौर से बाहर निकालने के लिए युद्ध विराम के लिए अनुरोध किया था और रुस - अमेरिका के अनुरोध पर प्रधानमंत्री को ताशकंद समझौता में बुलाया गया था जहां संदिग्ध अवस्था में 11 जनवरी, 1966 की रात निधन हो गया था। यह आजतक रहस्य बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थापना अधिवेशन में आएंगे हजारों लोग :महासेठ



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। आज 2 अक्टूबर बुधवार को पटना में आयोजित जन सुराज स्थापना अधिवेशन में शामिल होने के लिये सारण से उत्साहित पच्चीस हजार से अधिक लोग चल रहे हैं। उक्त बातें एक बयान जारी कर जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार आज बेरोजगारी, अशिक्षा, पलायन गरीबी का दंश झेल रहा है, बिहार की जनता इन सभी पार्टियों से ऊब चुकी है उन्हें बिहार की समस्याओं से मुक्ति के लिए जन सुराज एक बेहतर विकल्प के रूप में दिखाई दे रहा है । बिहार के लोगों के सपना को पूरा करने के लिए जन सुराज अभियान 2 अक्टूबर को एक राजनीतिक दल बनने जा रहा है इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए, जन सुराज से जुड़े सारण सहित बिहार भर के लाखों लोग जा रहे हैं । जो जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर को सुनेंगे । स्थापना के दिन जन सुराज के अध्यक्ष, नेतृत्व परिषद और पार्टी के संविधान की घोषणा भी की जाएगी ।

### अपनी माँगों को ले जीविका दीदियों ने किया धरना प्रदर्शन

जलालपुर। बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ के बैनर तले मंगलवार को जलालपुर में जीविका समूह की दीदियों ने अपनी दस सूत्री माँगों को लेकर जलालपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी भी की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दस सूत्री मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन सौपा। उन्होंने कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है,तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। उनकी मांगों में सभी कैडरों संबंधीनियुक्ति पत्र ,पहचान पत्र, मानदेय में वृद्धि किये जाने,सामाजिक सुरक्षा का लाभ आदि मांगे शामिल हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस : सीपीएस कैंपस में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बालसा, पटना के निदेशानुसार सारण जिला विधिक जागरूकता समिति द्वारा सीपीएस कैंपस में ह्ललीगल अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन द ओकेजन ऑफ सीनियर सिटीजन्स डे रिगार्डिंग राइट्स एंड बेनेफिट्स प्रोवाइडेड टू देम अंडर वेरियस स्कीम्सह्ण विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डालसा सारण के मुख्य लैड्स पूर्णेंदु रंजन ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि आज, 1 अक्टूबर 2024 को, दुनिया भर में 34वां अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन 21वीं सदी में वृद्धजनों की बढ़ती जनसंख्या के अवसरों और चुनौतियों का हल तलाश करना तथा सभी उम्र के लोगों के लिए समाज के विकास को बढ़ावा देने के लिए दुनिया और नीति निर्माताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, एक वृद्ध व्यक्ति को 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है, जबकि भारत में वृद्ध व्यक्ति या वरिष्ठ नागरिक 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति होते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 14 दिसंबर 1990 को 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया। पहला अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 1991 को मनाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि 34वें अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का विषय ह्लसम्मान के साथ वृद्ध होनाः दुनिया भर में वृद्ध व्यक्तियों के लिए देखभाल और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने का महत्वह्ण है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2030 तक विश्व में वृद्धजनों की आबादी युवा आबादी से अधिक होने की उम्मीद है। इस साल का विषय इन जनसांख्यिकीय रुझानों पर प्रकाश डालता है और देखभाल कर्मियों की वैश्विक कमी को दूर करने के लिए जेरोन्टोलॉजी और जराचिकित्सा में प्रशिक्षण और शैक्षिक अवसरों का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर देता है। जेरोन्टोलॉजी उम्र बढ़ने और समाज पर उसके प्रभाव का अध्ययन है। जराचिकित्सा एक चिकित्सा विशेषज्ञता है जो वृद्ध व्यक्तियों की देखभाल और उपचार पर केंद्रित है। इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत 20 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यालय के मंच पर संपन्न हुआ। सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ और माला भेंट कर सम्मानित किया। कहाःडॉ. हरेंद्र सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक भूमिका पर बल दिया।

# नदी का जल स्तर बढ़ने से जीवन हुआ अस्त-व्यस्त



प्रातः किरण संवाददाता

परसा।बाल्मीकि नगर बराज से छोड़े गए पानी से गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने से परसा प्रखंड के बलिगाव और परसौना पंचायत अंतर्गत दियारा क्षेत्रों के निचले इलाकों में पानी आने से उत्क्रमित उच्च विद्यालय बहलोलपुर सहित दियारा के लोगो का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है । इधर जलस्तर बढ़ने से जल संसाधन विभाग के कनीय पदाधिकारी से लेकर अंचलाधिकारी एलर्ट मोड में है । अंचलाधिकारी चंदन कुमार स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अमित साह, राजेश राय व अन्य लोगो के सहयोग से लोगो की समस्याओं से रूबरू हो ,वरीय पदाधिकारी को सूचित कर रहे है । जलस्तर बढ़ने से बहलोलपुर स्कूल में बने दुर्गापूजा पंडाल का कार्य बाधित है तो मूर्ति बनाने वाले कलाकार को भी पानी पार कर मूर्ति का अंतिम रूप देने में जुटे है। वही दियारा क्षेत्र के स्कूल में पढ़ाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है । अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से परहेज कर रहे है ।तो दियारा क्षेत्र के ग्रामीण के घर में पानी घुस जाने से अधिकांश लोग बांध पर ही पशु के साथ शरण लेने को मजबूर है । जिससे मानव और पशु के साथ बहुत बड़ी समस्या दिख रही है । सीओ चंदन कुमार ने बताया कि बीते रविवार की शाम से गंडकी नदी का जलस्तर बढ़ने लगा था जिस कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । हालाकि बाध इलाको में प्रशासन की चौकसी बढ़ा दी गई है।

# भूमि का सामाजिक मूल्यांकन कार्य शुरू



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण के सांसद के प्रयास से 187 करोड़ के लागत बनने वाले रिविलगंज ,इई, विष्णुपुरा बाई पास टेंडर होने के बाद अब शुरू हुआ भूमि का सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन का कार्य सेमरिया विजय राय के टोला, नेवाजी टोला, जैल शहर, बिचला तेलपा से शुरू किया गया है। बता दे कि अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्यन संस्थान पटना के शोध अधिकारी विनोद कुमार एवं अजय कुमार के द्वारा इन मौजा के रैयतों से मिलकर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सारण के भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने रिविलगंज वासियो के लिये बहुत बड़ा तोहफा दिया गया है। रिविलगंज में चारो तरफ से बाई पास हो गया है, यह पुल से रिविलगंज, मांझी,एकमा, जय प्रकाश की जन्मभूमि सिताबदियारा, सिसवन, रघुनाथपुर सहित इलाको को काफी सुविधाजनक एवं दूरी कम हो जाएगा। यह पुल बहुत ही आधुनिक एवं नए तकनीक से बनने का तैयारी शुरू हो सकता है। रिविलगंज के जाम की समस्या बराबर रहने को देखते हुए सांसद रुडी जी को इसकी जानकारी भाजपा कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान के दिया तो सांसद रुडी जी ने इसका संज्ञान लेते हुए रिविलगंज वासियो के लिये नया बाई पास का योजना बनाकर टेण्डर तक करा दिय है। रिविलगंज में मुकरेरा , देवरिया,सरैंधा , जिगना,तिवारी टोला ,मोहब्बत परसा पुल होते हुए 6 लाइन बाई पास का कार्य तेजी से चल रहा है। आज रिविलगंज के जनता का जमीन का कीमत बढ़ने के साथ -साथ रोजगार करने का अवसर बढ़ गया है । इस अवसर पर रिविलगंज नगर महामंत्री सुधीर सिंह,पूर्व वार्ड पार्षद विजय शंकर सिंह के साथ रैयत प्राचार्य अरुण कु सिंह, चंद्र भूषण सिंह, जय प्रकाश चौधरी,बृज बिहारी पांडेय, दिलीप सिंह देवानन्द सिंह , यतीन्द्र पांडेय सहित दर्जनों लोग ने अपन्स फॉर्म भरे।

# ग्रामीणों की सीपेज की शिकायतों को अधिकारियों ने गम्भीरता से नहीं लिया

प्रातः किरण संवाददाता

बागहा। बगहा में चंपारण तटबंध ध्वस्त होने का मामले में एक नया खुलासा हुआ है। दरअसल बीजेपी से बगहा विधायक राम सिंह ने अधिकारियों पर मौज-मस्ती में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा है की जिस जगह जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कैंप था वहीं पर बांध टूट गया है। इससे हास्यास्पद क्या हो सकता है की अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद बांध ध्वस्त हो गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाते हुए कहा की आपलोग मीट चावल की पार्टी करने में व्यस्त थे और ग्रामीणों द्वारा सीपेज की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने कई जगह खुद से सीपेज की मरम्मत की। उन्होंने कहा की चंपारण तटबंध की निगरानी में लगे अधिकारियों ने घोर लापरवाही बरती है जिसकी शिकायत वे सीएम समेत जल संसाधन विभाग के मंत्री से करेंगे। बिहार सरकार के विधायक राम सिंह ने कहा की महज कार्यपालक अभियंता पर कार्रवाई ठीक नहीं है सभी दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। बतादें की शनिवार को दोपहर में अचानक चंपारण तटबंध का एक बड़ा हिस्सा टूट गया जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। चखनी से रतवल समेत यूपी को जोड़ने वाला चंपारण तटबंध तकरीबन 38 फीट ध्वस्त हुआ है। जिसके बाद उसका मरम्मती कार्य तेज गति से किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण समेत खुद विधायक का आरोप है की अधिकारियों की मौजूदगी में जियो बैग में सिल्ट के जगह मिट्टी भरा जा रहा है और वह भी मापदंड के मुताबिक वजन में आधा है।

फिलहाल गंडक नदी का जलस्तर काफी कम हुआ है जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस लेते हुए तटबंध मरम्मती के कार्य में 24 घंटे लगातार जुटी हुई है ।

## अलग अलग कार्यवाई में फरार 5 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

बगहा।(प्रातः किरण संवाददाता) । बगहा पुलिस जिला स्थित नौरंगिया थाना पुलिस ने न्यायालय के आलोक में कार्यवाई करते हुए 5 फरार चल रहे अभियुक्तों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है ।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में थाना कांड संख्या 42/24 के तहत आईपीसी धारा 341/323/324/307/504,506 में लिप्त पचरुख्वा सिरसिया निवासी हीरालाल मुसहर को एएसआई धर्मेंद्र कुमार ने अभियुक्त के निवास से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया । वहीं लौकरिया के इश्तहार वारंटी चन्द्रिका मुसहर सीआईएस 90/05 के वारंटी नौरंगिया निवासी धर्मेंद्र बिन और शंकर बिन और 40/23 के वारंटी नौरंगिया निवासी मनोज राय को पीएसआई अधिकारी प्रिया कुमारी ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। ये सभी अभियुक्त अलग अलग न्यायाधीश दंडाधिकारी जेएम द्वितीय बगहा तारिक शमीम और अजय कुमार के द्वारा आदेश के आलोक में कार्यवाई करते हुए 5 अभियुक्तों को पकड़ कर जेल भेज दिया गया है।

## गंडक नदी के जलस्तर में आई गिरावट, कटाव का खतरा बढ़ा

बगहा।(प्रातः किरण संवाददाता)। गंडक नदी के जलस्तर में निरंतर गिरावट आने से लोगों ने राहत की सांस ले रहे है। वहीं निचले इलाके में पानी उतरने के क्रम में कटाव का खतरा बढ़ने लगा है ।वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज कंट्रोलरूम के द्वारा गंडक बराज के फाटकों को आंशिक स्तर पर गिराया गया है। ताकि नहरों में डिमांड के अनुरूप पानी छोड़ा जा सके। गंडक बराज द्वारा प्रसारित आंकड़े बतातें हैं कि मंगलवार सुबह 9 बजे गंडक बराज से 1,41,300 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया तो सुबह 10 बजे 1,38,600 क्यूसेक पाने छोड़ा गया ।वहीं मुख्य त्रिहुत नहर में 4600 सौ पानी छोड़ा जा रहा है। बतादें की गंडक नदी नदी की उफनती धारा के शांत होने से एक तरफ लोगों ने राहत महसूस कर रहे हैं तो दूसरी तरफ गंडक बराज कंट्रोलरूम अभी भी हाई अलर्ट पर दिख रही है। जानकार बतातें हैं कि नदी का जब पानी उतरने लगता है तब कटाव तेजी से होने लगता है ।अब देखना है कि जलसंसाधन विभाग के अधिकारी समेत प्रशासन इस तरह की चुनौतियों से कैसे निपटता है।

# वर्तमान और समाज के लिए गांधी दर्शन प्रासंगिक : प्राचार्य

- गांधी के आदर्शों पर चलकर ही विकसित भारत का सपना हो होगा साकार :डॉ सिद्धार्थ



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ' स्वच्छता पखवाड़ा सितंबर - गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को एनएसएस यूनिट-1 द्वारा गंगा सिंह महाविद्यालय छपरा में छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई,और ह्लराष्ट्रपिता और स्वच्छ भारतह्व विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिद्धार्थ शंकर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की यह कर्मभूमि रही है। बापू ने स्वच्छ और स्वस्थ भारत के नवनिर्माण हेतु नागरिकों को जिन कर्तव्यों और दायित्वों का बोध कराया था, उनके बताए रास्तों पर चलकर ही हम विकसित भारत की संकल्पना को एक मजबूत आधार दे पाएंगे। महात्मा गांधी के सात सामाजिक पापकर्म की विशद विवेचना करते हुए डॉ सिद्धार्थ शंकर सिंह ने कहा कि सिद्धान्त के बिना राजनीति, काम के बिना धन, विवेक के बिना सुख, चरित्र के बिना ज्ञान, नैतिकता के बिना व्यापार, मानवता के बिना विज्ञान और त्याग के बिना पूजा जैसे नैतिक आदर्शों को अपनाकर ही मानव जीवन सफल हो सकता है। राष्ट्रपिता का जीवन और दर्शन हम सबों के लिए प्रासंगिक है।

परिचर्चा के मुख्य वक्ता प्रो आदित्य चंद्र झा ने अपने संबोधन में गांधीजी के स्वच्छता संबंधी संकल्पनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि हमें गांधी के सपनों का भारत बनाना है, जहां सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता प्राप्त हो। रामराज्य की संकल्पना को व्याख्यायित करते हुए प्रो झा ने कहा कि हमें वर्गविहीन और समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में अग्रसर होना होगा। इस परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सुमनलता सिंह, डॉ कुमकुम रे, डॉ पूजा लोहान, अभिषेक चतुर्वेदी, नलिन रंजन, डॉ कमाल अहमद, राजीव कुमार गिरी, डॉ दिनेश कुमार यादव, डॉ फख शायान, डॉ राजेश कुमार, डॉ राजेश मांझी, डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा डॉ नीलेश झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन और दर्शन के विभिन्न पहलुओं की चर्चा की,और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस यूनिट-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमाल अहमद और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अतुल शुक्ला ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित रथे ।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के संचालन समिति की बैठक

- सारण जिला क्षेत्र के सभी सदस्य विधान परिषद एवं विधान सभा से शहरी निकाय क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित योजनाओं की प्राथमिकता सूची पर हुई चर्चा
- सूची के आधार पर शहरी विकास से संबंधित योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत नगर विकास एवं आवास विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा जायेगा प्रस्ताव



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के विकास से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

इस योजना के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु आवश्यक सड़क, नाला, पार्क , पार्किंग स्थल, स्ट्रीट लाइटिंग, हाई मास्ट लाइट, जल निकायों का जीर्णोद्धार, घाट का निर्माण आदि से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा।

आज माननीय मंत्री विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार -सह- प्रभारी मंत्री सारण जिला सुमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में संचालन समिति की बैठक आहुत की गई।

सारण जिला क्षेत्र के सभी माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद एवं बिहार विधान सभा के साथ शहरी निकायों के समग्र विकास से संबंधित योजनाओं की प्राथमिकता सूची पर चर्चा की गई।

सभी सदस्यों से प्राप्त प्राथमिकता सूची के आधार पर योजनाओं का प्राक्कलन तैयार किया जायेगा। योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई हेतु विभाग को भेजा जायेगा।

बैठक में विधान पार्षद सच्चिदानंद राय एवं डा .वीरेंद्र नारायण यादव, माननीय विधायक छपरा डा.सी एन गुप्ता, विधायक मढ़ौरा जितेंद्र राय, विधायक परसा छोटेलाल राय, जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष, नगर आयुक्त छपरा नगर निगम, सभी अनुमंडल पदाधिकारी,सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## 21वीं बटालियन एसएसबी ने बाढ़ग्रस्त परिवारों के बीच भंडारे का किया आयोजन

बगहा।(प्रातः किरण संवाददाता)। मंगलवार को 21वीं बटालियन के अधीन बाह्य सीमा चौकी झंडूटोला के द्वारा निरीक्षक( सामान्य ) राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में बाढ़ से ग्रसित बीन टोला के ग्रामीणों को भोजन कराया गया साथ ही इनके बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। बतादें की लगातार भारी बारिश के कारण गंडक नदी का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था ।जिसके बाढ़ का पानी बीन टोला एवं झंडुटोला गांव को डुबो दिया था । जिस वजह से यहां के गांव वासियों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। झंडूटोला स्थित एसएसबी के समवाय के जवानों द्वारा स्थानीय लोगो की मदद करते हुए ग्रामीणों को ऊंचे जगह पर रेस्क्यू टीम के द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। 21वीं वाहिनी के बाह्य सीमा चौकी झंडू टोला के समवाय प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया गया की एसएसबी यहां 24 घंटे मौजूद है एवं हर प्रकार की मदद करने के लिए तैयार है ।इस दौरान नि.सा. राजेंद्र कुमार, समवाय के अन्य बलकर्मी मौजूद रहे।

## बाढ़ का पानी देखने के क्रम में पूल से पोखर में गिरे बालक की हुई मौत



बगहा।(प्रातः किरण संवाददाता) । बगहा नगर थाना क्षेत्र के बडगांव में रविवार को बाढ़ का पानी देखने गए एक 12 वर्षीय बालक का पुल से पोखर में गिरने से मौत हो गई है। स्थानीय लोगों की मदद से मंगलवार को शव को पोखर से निकाल पुलिस को इसकी सूचना देते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया है। दरअसल घटना रविवार शाम की है। जब गांव के कुछ लोगों के साथ अर्जुन राम का 12 वर्षीय पुत्र अनीश राम पोखर में बाढ़ का पानी देखने गया। देखने के क्रम में पुल से गिर गया। स्थानीय लोगों तथा एसडीआरएफ टीम के द्वारा सोमवार को बच्चों की खोजबीन की गई। लेकिन सफलता नहीं मिली। वहीं मंगलवार की अगली सुबह बालक का शव पोखर में तैरता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे बाहर निकालते हुए नगर थाना को सूचित किया। नगर थाना के पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृत बालक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी अर्जुन राम के 12 वर्षीय पुत्र अविनाश राम के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डीएसएलए के पैनल और रिटेनर अधिवक्ता के लिए साक्षात्कार अब 7-9 अक्टूबर को होगी:सचिव

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । सारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पैनल अधिवक्ता और रिटेनर लॉयर के लिए 4-7 अक्टूबर को होने वाले साक्षात्कार की प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। अब ये साक्षात्कार 7-9 अक्टूबर को सारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार, छपरा के कार्यालय में सम्पन्न होगी। श्री धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, विद्वान एसीजेएम सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण द्वारा बताया गया है कि डालसा, सारण छपरा के अन्तर्गत पैनल और रिटेनर अधिवक्ता के पद पर चयन हेतु सूचना दिनांक-24.09.2024 द्वारा साक्षात्कार की तिथि 04 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी जिसे अपरिहार्य कारणों रद्द करते हुए पुनः 07 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण छपरा में निर्धारित की गयी है ।उन्होंने बताया कि साक्षात्कार हेतु रिर्पोटिंग का समय 3.30 बजे अपराह्न है और साक्षात्कार 4.35 बजे अपराह्न से प्रारंभ होगी। उक्त तिथि एवं समय पर अभ्यर्थी संबंधित क्षेत्र एवं अन्य काय से संबंधित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग लेंगे। बताते चलें कि आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितम्बर तक डालसा सारण को प्राप्त कुल आवेदनों के सभी 110 आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया

# बाढ़ पीड़ितों के बीच किया गया राहत सामग्री का वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप हर तरह के सहयोग के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी चकिया के द्वारा बताया गया है कि चकिया अनुमंडल अंतर्गत केसरिया प्रखंड के दो पंचायत ढेकहा और कढ़ान आंशिक रूप से बाढ़ प्रभावित हुए हैं। ढेकहा में 9 वार्ड तथा कढ़ान में 3 वार्ड बाढ़ प्रभावित हैं। एसडीओ के द्वारा बताया गया कि इन दोनों पंचायतों में आज कुल 2000 फुड पैकेट एवं 2000 पॉलिथीन सीट्स का वितरण बाढ़ प्रभावितों में किया गया है। उन्होंने बताया कि एक फुड पैकेट में ढाई किलो चूड़ा, 500 ग्राम चीनी, 1 किलो चना, मोमबत्ती एवं माचिस का पैकेट दिया गया है। बांध पर आने वाले लोगों को रात्रि में कोई परेशानी नही हो इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था की गई है।

वहां मेडिकल टीम भी लगाई गई है। अभी ढेकहा पंचायत के लिए 9 नाव तथा कढान पंचायत के लिए दो नाव का परिचालन कराया जा रहा है। ढेकहा पंचायत में लगभग 350 एवं कढान पंचायत में 50 की आबादी बाढ़ से प्रभावी है। बाढ़ प्रभावितों पर प्रशासन पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं ताकि उनको कोई परेशानी न हो सके।

# स्मार्ट मीटर को लेकर राजद ने दिया एक दिवसीय धरना



प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। प्रखंड में स्मार्ट मीटर एवं जमीन सर्वे सहित विभिन्न मुद्दों पर राजद ने सरकार को आवाम विरोधी सरकार बताते हुए सबको जगाने के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव भी शामिल हुए और कहा कि आम जनता को सही मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसा सरकार प्रयोग कर रही है। स्मार्ट मीटर में डायरेक्ट आम लोगों को खून चूस जा रहा है। सरकार स्मार्ट मीटर को चेंज करें, अन्यथा 200 यूनिट बिजली निःशुल्क करे। हमारा बिहार राज्य पिछड़ा एवं गरीब राज्य में आता है, जो सुखी एवं संपन्न राज्य है, उसमें 4 या 5 प्रति यूनिट तक बिजली बिल है और हमारे राज्य में 6 रुपए से ऊपर तक है। उन्होंने कहा कि ये डबल इंजन की सरकार बड़े-बड़े उद्योगपतियों की सरकार है। आज रक्सौल अनुमंडल में चारों तरफ बाढ़ से धान का फसल नुकसान हो गया है, इसको अविलंब जांच करा कर किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने किया, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन कुमार यादव ने किया। मौके पर विधानसभा प्रभारी सैफुल आजम, व्यवसाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, कपिल देव राय, प्रमोद राय, जिला परिषद पति मंजू साह, मदन प्रसाद, प्रमोद राय, चंद्रशेखर प्रसाद, किसान सेल से संजय यादव, अवधेश यादव, युवा अध्यक्ष मोहम्मद अरमान आलम, अनुज पटेल, रॉबिन यादव, ओमप्रकाश दास, मुमताज आलम, झूलन पटेल, किशन यादव, मोहम्मद एजाज, समिति लालबाबू प्रसाद, साधु राम, मुमताज खान, अजय यादव, प्रभु राम, विकास यादव, राजकिशोर कुशवाहा, अजय यादव, वीरेंद्र पटेल, अमलेश यादव, छात्र राजद से संदीप कुमार, रामाशंकर यादव, विकु कुमार, मनोज यादव, झूलन पटेल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में राजद का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



प्रातः किरण संवाददाता

एकमा। स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रखंड मुख्यालय पर राजद का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रखंड अध्यक्ष वकील यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई । राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आयोजित राज्य में स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदेश के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर लालू एवं तेजस्वी के आह्वान पर थाना प्रदर्शन का आयोजित की गई थी। जहां एकमा में भी पार्टी कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय पर मंगलवार के दिन धरना प्रदर्शन किया गया साथ ही अपने मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सोपा गया । इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष वकील यादव ने कहा कि गरीब कमजोर बेसहारा के मसीहा है लालू तेजस्वी यह धरती पुत्र हैं उन्हें बताने की जरूरत नहीं है उन्हें दिख रहा है कि गरीब कमजोर बेसहारा लोग ही उनका परिवार है मजदूरों जब मजदूरी नहीं मिलती है तो वह पानी पीकर पेट भरकर सो जाते हैं। केन्द्र व राज्य में बैठीं मोदी व नीतीश की सरकार के द्वारा पूंजी पतियों के राज्य ही नहीं पूरे देश में सरकारी संस्थानों को अंडमानी व अम्बानी के हाथों बेचकर अब स्मार्ट मीटर लगाकर गरीबों को ठगने में लगी है हम लोग ऐसी व्यवस्था को हरगिज लागू नहीं होने देंगे इसके लिए हमें अपनी जान कि कुबार्नी क्यों नहीं देना पड़े । इस मौके पर गोरख प्रसाद अरविंद कुमार राम हरिशंकर यादव संतोष यादव सुनील राम अशोक राय मोहम्मद अली उर्फ नेताजी राजेश्वर यादव अनिल यादव दिलीप यादव नूर हसन आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## स्मार्ट विद्युत मीटर के विरुद्ध राजद ने दिया धरना

बगहा।(प्रातः किरण संवाददाता) । लहलादपुरः स्मार्ट विद्युत मीटर के नाम पर जनता से हो रही लूट के विरुद्ध राजद सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया. धरना को सम्बोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार कुशवाहा ने कहा कि बिहार सरकार बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर जबरन लगाने का फरमान जारी कर उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान कर रहीं हैं. क्षेत्र में मैनुअल मीटर के अपेक्षा अधिक राशि का बिल स्मार्ट मीटर में आने की शिकायत है. अन्य राज्य की तुलना में बिहार सरकार काफी महंगे दर पर उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध करा रही है. उन्होंने कहा कि बड़ी-बड़ी निजी कम्पनी को फायदा पहुंचाने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की साजिस हो रही है. धरना को जिला राजद किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामाशीष यादव, प्रमुख मनोज साह, उपप्रमुख मोतीलाल मांझी, पूर्व मुखिया तारकेश्वर पांडेय, असलम खां, मदन राय सहित दर्जनों लोगों ने सम्बोधित किया.

## स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के तहत पंचायतों में चलाया गया सफाई अभियान

बेतिया। (प्रातः किरण संवाददाता) स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत संचालित ह्लस्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छताह्व कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में सफाई अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों एवं आम जन द्वारा कार्यक्रम में गाँवों को स्वच्छ बनाने हेतु स्वच्छता शपथ लिया गया।

ज्ञातव्य हो कि गाँवो में लिगेसी कचरा बिंदुओं पर श्रमदान कर गॉवों को स्वच्छ बनाने हेतु सभी पंचायतों में कार्य किया जा रहा है। स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान का संचालन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट करने वाले प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024







# अनुष्का शेट्टी की फिल्म भागमती के सीक्वल पर आया अपडेट

अनुष्का शेट्टी ने अपनी फिल्म बाहुबली से देश भर में अपनी पहचान बना ली है। वह इन दिनों अपनी एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म भागमती के सीक्वल को लेकर चर्चा में है, जिसको लेकर फिल्म के निर्देशक ने हाल में ही जानकारियां साझा की हैं।

अनुष्का शेट्टी साउथ फिल्मों की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अनुष्का को उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जाना जाता है, जो अपने किरदार को पर्दे पर वास्तविक महसूस कराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ती हैं। देश भर में उनके काफी ज्यादा फैंस हैं। मशहूर निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म सीरीज बाहुबली से उन्हें हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी पहचान मिली थी। इसके बाद से उनकी लोकप्रियता में जबर्दस्त इजाफा हुआ है। अब उनके फैंस के लिए खुशखबरी सामने आ रही है, जिसमें उनके आगामी फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

भागमती के निर्देशक ने साझा किया अपडेट

अनुष्का ने अपने करियर में बाहुबली सीरीज के अलावा भी कई सुपरहिट और यादगार फिल्में की हैं। उनकी इन्हीं कुछ शानदार और सफल फिल्मों में से एक फिल्म है भागमती। साल 2018 में रिलीज हुई इस फिल्म ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। यह एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसे जी अशोक द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फिल्म में अनुष्का शेट्टी एक आईएएस अधिकारी के रूप में नजर आई थीं। अब इस फिल्म के सीक्वल की पुष्टि कर दी गई है। जब से इस फिल्म के अगले भाग को लेकर जानकारी दी गई है, तब से फैंस के बीच फिल्म को लेकर जबर्दस्त उत्सुकता है। अब इस फिल्म के निर्देशक अशोक ने अगले भाग को लेकर कुछ और नए अपडेट साझा किए हैं।

भागमती के सीक्वल पर शुरू हो चुका है काम

इंटरव्यू के दौरान अशोक ने सीक्वल को लेकर बात की है। निर्देशक ने कहा कि अनुष्का सीक्वल में अधिक दिलचस्प और शक्तिशाली अवतार में दिखाई देंगी। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और इसका काम जोरों से चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि साल 2025 की शुरुआत में फिल्म फ्लोर पर जाएगी। इस फिल्म को यूवी क्रिएशंस के बैनर तले बनाया जा रहा है। निश्चित तौर अभिनेत्री के फैंस के लिए ये खबर किसी तरह की खुशखबरी से कम नहीं है।



# जब करीना कपूर ने कहा था... बॉलीवुड एक मेल डोमिनेटेड इंडस्ट्री है

केकेके यानि करीना कपूर खान फिल्म इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम! अपनी एक्टिंग के दम पर खास मुकाम हासिल करने वाली एक्टर ने एक वक्त बॉलीवुड की दकियानूसी सोच को टारगेट किया था। माना था कि ये मेल डोमिनेटेड इंडस्ट्री है। एक थ्रोबैक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें जब उनसे फिल्म में उनकी आदर्श भूमिका के बारे में पूछा गया, तो बेबो ने तंज कसते हुए कहा था, आदर्श भूमिका? आदर्श भूमिका, असल में मेरी कोई आदर्श भूमिका नहीं है। जब तक भूमिका अच्छी है, तब तक सब ठीक है... क्योंकि यह एक मेल डोमिनेटेड (पुरुष प्रधान) इंडस्ट्री है। वैसे आदर्श भूमिका वही है जैसी मैंने अपनी पहली फिल्म (रिफ्यूजी) में निभाई थी, मैं उस तरह की दमदार भूमिकाएं पाना चाहूंगी। मैं इस तरह की दमदार भूमिकाएं पाना चाहूंगी। करीना ने 2000 में अभिषेक बच्चन के साथ डेब्यू किया था। करीना को एक्शन ड्रामा फिल्म में उनकी शानदार भूमिका के लिए सराहा गया, और इसके लिए उन्हें बेस्ट डेब्यूटेंट (फीमेल) फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। बाद में उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, जिनमें मुझे कुछ कहना है, यादें, अशोका, कभी खुशी कभी गम...., मुझसे दोस्ती करोगे!, जीना सिर्फ़ मेरे लिए, तलाश- द हंट बिगिन्स..., खुशी, मैं प्रेम की दीवानी हूँ और वॉर-ड्रामा एल.ओ.सी. और कारगिल शामिल हैं। 2004 में, उन्होंने सुधीर मिश्रा की चमेली कर सबको चौंका दिया था। इस फिल्म में उन्होंने सेक्स वर्कर का रोल निभाया था। उनकी अदाकारी को क्रिटिक्स ने काफी सराहा भी था। फिर उन्होंने 2004 की फिल्म देव और 2006 की फिल्म ओमकारा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए दो क्रिटिक्स अवार्ड भी जीते। उनके करियर ग्रोथ में इम्तियाज अली के निर्देशन में सजी जब वी मेट का भी बड़ा हाथ रहा। 2010 की फिल्म वी आर फैमिली ने उनके एक्टिंग स्किल को और उजागर किया। करीना करियर और निजी जिंदगी को अच्छे से बैलेंस करने के लिए भी जानी जाती हैं।

# ज़रीन खान ने बताया सिल्वर स्क्रीन पर कब करेंगी वापसी

ज़रीन खान पिछले कुछ समय से बड़े पर्दे से दूर हैं, जिसकी वजह से उनके फैंस सिल्वर स्क्रीन पर उनकी वापसी का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रू(आस्क मी एनीथिंग) सेशन किया, जिसमें एक यूजर ने सवाल किया, यु शुड डू मोर मूवी, वी आर वेटिंग. जवाब में ज़रीन ने लिखा, वेल, थोड़ा लंबा ब्रेक हो गया। होपफूली, नेक्स्ट ईयर यु ऑल विल डेफिनिटेली सी मी इन द मूवीज. नेक्स्ट ईयर आप मुझे स्क्रीन पर ज़रूर देख सकेंगे. बस इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह किस तरह की फ़िल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं।

जब एक यूजर ने उनसे पूछा कि वह किस तरह की फ़िल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं, तो ज़रीन ने बताया, आई थिंक आई वुड लाइक टू डू एन आउट एंड आउट कॉमेडी और एन एक्शन फिल्म. इससे यह संकेत मिलता है कि दर्शक ज़रीन को कॉमेडी फ़िल्म या एक्शन फ़िल्म में एक नया किरदार निभाते हुए देखेंगे, जो थिएटर में एक मनोरंजक अनुभव का वादा करता है। जैसे ही ज़रीन ने सिल्वर स्क्रीन पर अपनी वापसी के बारे में बताया, फैंस में संभावित फ़िल्म घोषणा को लेकर उत्साह बढ़ गया। अभिनेत्री को आखिरी बार ईद हो जाएगी गाने में देखा गया था और वह वीर, हाउसफुल 2 जैसी फ़िल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय हैं।

# खतरों के खिलाड़ी 14 को जीतने के बाद क्या बिग बॉस में नजर आएंगे करण वीर?




अभिनेता करण वीर मेहरा खतरों के खिलाड़ी 14 के विजेता बन चुके हैं। फिनाले में कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी को पीछे छोड़कर उन्होंने जीत की ट्रॉफी हासिल की। इस शो को जीतने के बाद करण वीर ने हाल ही में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शो के अपने सफर को भी याद किया। अपने इस सफर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें इस रियलिटी शो में काम करके बहुत मजा आया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इस शो में मुझे इतना अच्छा लगा कि मैंने निर्माताओं से अनुरोध किया है कि अगली बार मुझे मुफ्त में ही ले चलें। आसिम रियाज पर जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने इस पर भी खुलकर जवाब दिया। उन्होंने कहा, वह शो जीत सकता था, लेकिन उसकी बेवकूफी थी और मेरी अच्छी किस्मत कि मैं यहां बैठा हूं। उन्होंने आगे कहा कि केवल आसिम और गश्मीर ही नहीं शो में मौजूद सभी प्रतिभागियों ने कड़ी प्रतिद्वंदिता दिखाई। सभी यह सोचकर आए थे कि ट्रॉफी जीतकर ही जाना है। यह बैच ही कुछ ऐसा था जो शो जीतने के मकसद से आया था। इस बातचीत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों की जमकर तारीफ की। करण वीर ने कहा कि हर कोई किसी न किसी चीज में बेहतर था। मेरी किस्मत अच्छी थी कि जब मेरे स्टंट की बारी आई तो मुझे वह टास्क मिला, जिसमें मैं बेहतर था। इस वजह से मैं शो में आगे बढ़ता चला गया। शो के दौरान उन्होंने अपने सबसे डरावने अनुभव को साझा किया। अभिनेता ने कहा,मुझे करंट लगने वाला स्टंट सबसे खतरनाक लगा। अब भी मुझे तारों को देखकर डर लगता है। जब करण से सवाल किया गया कि इस बार क्या वह लोगों को बिग बॉस में दिखेंगे? इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बिग बॉस में उनके जाने की अटकलें हर साल लगाई जाती हैं। अभिनेता ने कहा कि वह इस बार भी बिग बॉस टीवी पर ही देखेंगे।

# एआई के दुरुपयोग पर बोलीं अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी आगामी फिल्म 'कंट्रोल' को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ। सामने आए ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म 'एआई' की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। एआई जैसे मुद्दे पर अभिनेत्री ने खुलकर अपनी बात रखी है। अनन्या पांडे का कहना है कि सरकार के अधिकारियों को टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग को रोकने के लिए कुछ नियम बनाने की आवश्यकता है। हाल ही में, आमिर खान, रणवीर सिंह, आलिया भट्ट और रश्मिका मंदाना जैसे फिल्म सितारे डीपफेक वीडियो के शिकार हुए। अभिनेत्री ने 'आईफा अवार्ड्स 2024' के ग्रीन कार्पेट पर एक मीडिया समूह से बातचीत में मशहूर हस्तियों के डीपफेक वीडियो के बारे में पूछे जाने पर पीटीआई से कहा, 'यह बहुत डरावना है। सार्वजनिक हस्तियों के रूप में, हमारे चेहरे और आवाज बाहर हैं। मुझे नहीं पता कि हम कितना सुरक्षित कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इसके लिए सरकार द्वारा नियम बनाने होंगे, शायद यही समाधान है।'अनन्या ने आईफा में अपनी प्रस्तुति को लेकर कहा वह इसे लेकर वह उत्साहित और नर्वस दोनों थीं। उन्होंने कहा, पिछले साल आईफा में मेरा पहला स्टेज परफॉरमेंस था। इसलिए मैं बहुत नर्वस थी। इस बार भी मैं नर्वस थी, लेकिन मुझे बहुत मजा आया। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनका वेब शो 'कॉल मी बे' रिलीज हुआ। अब वह अपनी आगामी फिल्म 'कंट्रोल' में नजर आएंगी, जो एआई के दुष्प्रभावों को दिखाएगा।



# 2 नवंबर को होगा किंग का आधिकारिक एलान? बेटी सुहाना खान के साथ बुडापेस्ट में शूटिंग शुरू करेंगे शाहरुख खान!

शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग दर्शकों के बीच सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ नजर आएंगे। इस आगामी परियोजना के बारे में अपडेट के लिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, एक हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म की आधिकारिक घोषणा अभिनेता के जन्मदिन 2 नवंबर को की जाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, किंग के लिए संगीत तैयार करने के लिए अनिरुद्ध रविचंदर को चुना गया है। कहा गया है कि संगीतकार ने फिल्म के लिए धुनों पर काम करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म के निर्माता इस साल खान के जन्मदिन यानी 2 नवंबर को किंग की आधिकारिक घोषणा करने की योजना बना रहे हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि शाहरुख और सुहाना फिलहाल फिल्म में अपने एक्शन सीक्वेंस की तैयारी कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग जनवरी में शुरू होगी। शूटिंग के लिए निर्माताओं ने बुडापेस्ट को चुना है, जो अपने ठंडे मौसम के कारण फिल्म के लिए आवश्यक सही माहौल देगा। प्री-प्रोडक्शन अक्तूबर से शुरू होगा। संवाद अब्बास टायरवाला द्वारा तैयार किए गए हैं, जिन्होंने हाल ही में वॉर 2 पर काम किया है। संवादों का पहला मसौदा तैयार किया गया था। इसके अतिरिक्त, शाहरुख, सुहाना, अभिषेक बच्चन और अभय वर्मा जनवरी में शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की कहानी को लेकर भी कुछ चर्चाएं चल रही हैं। दावा किया जा रहा है कि किंग में एक डॉन की कहानी दिखाई जाएगी, जो एक लड़की का गुरु बन जाता है। शाहरुख खान डॉन की भूमिका निभाएंगे, वहीं उनकी बेटी सुहाना खान उनकी शिष्या के रूप में नजर आएंगी। अभिषेक बच्चन फिल्म में नकारात्मक भूमिका में नजर आएंगे।

इससे पहले खबरें आई थीं कि शाहरुख खान किंग को साल 2026 में जून में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अब तक इन खबरों पर शाहरुख खान या निर्माताओं ने चुप्पी नहीं तोड़ी है, लेकिन उम्मीद है कि फिल्म के निर्माता जल्द ही इसकी जानकारी आधिकारिक तौर पर प्रशंसकों के साथ साझा करेंगे।





# दो पत्ती की रिलीज डेट का एलान, इस दिन दस्तक देगी काजोल-कृति की फिल्म

काजोल और कृति सेनन अभिनीत फिल्म दो पत्ती की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। यह फिल्म अगले महीने ओटीटी पर रिलीज होगी। कृति सेनन इस फिल्म से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू कर रही हैं। यह फिल्म 25 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। शशांक चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी दो पत्ती में काजोल पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। नेटफ्लिक्स पर फिल्म का टीजर वीडियो जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठाया गया है। इस फिल्म में कृति सेनन का डबल रोल है।

व्यापार

सेंसेक्स 84266.29 पर बंद

निफ्टी 25796.90 पर बंद

सोना 74,790

चांदी 95,000

## काउंटरपॉईंट सर्वे : ओप्पो इंडिया को आफ्टरसेल्स सर्विस में नंबर 1 मिला ; 62 प्रतिशत ग्राहक 'अत्यधिक संतुष्ट' रहे

**मुंबई, एजेंसी।** ओप्पो इंडिया अतुलनीय सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ आफ्टर-सेल्स और कस्टमर सर्विस में पहले स्थान पर आया है। इसके 62 प्रतिशत ग्राहकों को उनकी इन-स्टोर आफ्टर-सेल्स सर्विस बहुत 'संतोषजनक' महसूस हुई। अगस्त, 2024 में काउंटरपॉईंट रिसर्च में भारत के सर्वोच्च पाँच मोबाईल ब्रांड्स के 2000 से ज्यादा ग्राहकों का सर्वे करके उनके आफ्टर-सेल्स सर्विस अनुभव के बारे में जाना गया। इस सर्वे में अपने नए जनरेशन के सेंटर्स द्वारा सर्विस अनुभव में सुधार लाने के लिए ओप्पो इंडिया का ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण सामने आया। यह सर्वे ओप्पो इंडिया , रियलमी, सैमसंग, विवो, और शायोमी के ग्राहकों के बीच 13 टियर 1 और टियर 2 शहरों में किया गया था। इस सर्वे में रिपेयर क्वालिटी, लागत, समस्या समाधान की गति, पारदर्शिता, स्टाफ की विशेषज्ञता, और कई भाषाओं में संचार के मामले में ओप्पो इंडिया अपने 'बहुत संतुष्ट' ग्राहकों के साथ अग्रणी रहा।

## दुर्गा पूजा के मौके पर इस बार अपने घरों को फैब इंडिया के नवीनतम कलेक्शन से सजाएं


**भोपाल।** बदलते मौसम के साथ दुर्गा पूजा की महक हर तरफ महसूस की जा सकती है। उल्लास और गर्मजोशी से भरपूर यह पर्व फैबइंडिया के 'स्वर्णिम' कलेक्शन के साथ और भी खास बन जाएगा। यह समय होता है अपने प्रियजनों के साथ नजदीकियां बढ़ाने का, जब हवाओं में उमंग और त्योहारों की सुगंध घुली होती है। फैबइंडिया का यह खास कलेक्शन हर जश्न को संपूर्णता प्रदान करता है। इस कलेक्शन में भारतीय कारीगरी की परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरणा ली गई है। इसमें कई आकर्षक रंगों और महीन डिजाइनों को पेश किया गया है, जो दुर्गा पूजा की भावना को बखूबी दर्शाते हैं।आकर्षक साड़ियांरू अपनी वार्डरोब में फैबइंडिया की साड़ियों के आकर्षक कलेक्शन को शामिल करें। उम्दा कारीगरी से तैयार की गई ये साड़ियां सिल्क, कॉटन और सिल्क ब्लेंड्स में उपलब्ध हैं, जिन्हें चंदेरी, टस्सर, और बनारसी जैकर्ड जैसी पारंपरिक बुनाई ने और भी खास बनाया है। हर साड़ी भारतीय कारीगरी की अद्भुत मिसाल है, जो दुर्गा पूजा की भव्यता का जश्न मनाती है। साथ ही, आप इस कलेक्शन में लाल बॉर्डर वाली पारंपरिक सफेद साड़ियां भी पा सकते हैं, जो आपके पूजो वार्डरोब के लिए परफेक्ट हैं। स्टाइलिश कुतेर्रू फैबइंडिया के खूबसूरत डिजाइन वाले कुर्ते आराम और नफासत का बेहतरीन मेल हैं। बारीक अड्डा, एप्लिक वर्क और जरी की एम्ब्रॉयडरी से सजे ये कुर्ते और कुर्ता सेट पर्व के मौकों पर, चाहे वह सुबह हो या शाम, घर या पंडालों में धूमधाम के दौरान पहनने के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं।

## लौट आये हैं शार्क्स : उद्यमशीलता के बेमिसाल जोश के साथ सीजन 4 की शूटिंग का धमाकेदार आगाज़

**मुंबई, एजेंसी।** 'शार्क टैंक इंडिया' तीन बेमिसाल सीजन्स के बाद एक बिल्कुल नये सीजन के साथ लौट आया है। यह सीजन एक बार फिर इनोवेटिव आइडियाज़ और डील्स को दिखाने के लिये तैयार हैं, जो भारत में स्टार्ट-अप्स के भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं। इस सीजन के पहले एपिसोड की शूटिंग शार्क्स - अनुपम मित्तल ('पीपुल ग्रुप' के फाउंडर और सीईओ), अमन गुप्ता ('बोट लाइफस्टाइल' के को-फाउंडर और सीएमओ), नमिता थापर ('एमक्योर फॉर्मास्युटिकल्स लिमिटेड' की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर), पीयूष बंसल ('लेंसकार्ट' के को-फाउंडर और सीईओ) और रितेश अग्रवाल ('ओयो' के फाउंडर एवं ग्रुप सीईओ) के साथ शुरू हुई। इस सीजन में आगे दर्शक पैनल में और भी नये शार्क्स को देखेंगे, जो अपनी कमाल की एनर्जी और कारोबारी विशेषज्ञता के साथ शो को एक नये मुकाम पर ले जायेंगे। इस सीजन में एक रोमांचक मोड़ देखने को मिलेगा, जहां कॉमेडियन आशीष सोलंकी और साहिबा बाली मेज़बान की भूमिका में नजर आएंगे। यह निश्चित रूप से शो को और भी अनोखा एवं मजेदार बना देगा।

# भारत छोड़कर चीन की तरफ भाग रहे निवेशक!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो साल में एमर्जिंग मार्केट निवेशकों ने भारत में खरीदो और चीन में बेचो की नीति का पालन करते हुए खूब पैसा बनाया। लेकिन चीन के एक कदम से यह स्थिति पलट गई है। चीन की सरकार ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए हाल में स्टीम्युलस पैकेज का ऐलान किया है। इसके बाद से वहां के शेयर मार्केट में काफी तेजी आई है। इससे निवेशक भारत से पैसा निकालकर चीन का रुख कर रहे हैं। चीन के सीएसआई 300 इंडेक्स में एक सप्ताह में 25 प्रतिशत उछाल आई है जबकि हैंग सेंग 16 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी ओर निफ्टी और सेंसेक्स दोनों ही बिकवाली का दबाव है। सोमवार के कारोबार में एफआईआई ने एक अरब डॉलर से अधिक की निकासी की। इससे सेंसेक्स में लगभग 1,300 अंक की गिरावट आई।



सिंगापुर की वित्तीय सेवा फर्म डीबीएस ग्रुप के जोआन सिउ चिन ने कहा कि भारत ने मजबूत प्रदर्शन किया है और हम अन्य बाजारों पर भी नजर रख रहे हैं। चीन और आसियान वास्तव में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। भारत वास्तव में एक डोमेस्टिक लिक्विडिटी मार्केट है। चीन सरकार के मौद्रिक और तरलता उपायों की घोषणा के बाद उसका प्रदर्शन इस साल के बाकी महीनों में भारत से बेहतर रहेगा। लिक्विडिटी को मुक्त करने के लिए चीन ने बैंकों के लिए रिजर्व रेश्यो को 50 आधार अंकों से कम कर दिया है। इसने मौजूदा आवास के लिए मोर्टगेज रेट को भी 50 बीपीएस से कम कर दिया है।

### चीन में तेजी

चीन सरकार के इन उपायों से उपभोग की मांग बढ़ेगी। इसके अलावा पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने भी निकट भविष्य में अपनी नीति में ढील देने का संकेत दिया है। नोमुरा के चेतन सेठ ने कहा कि निवेशकों से मिली प्रतिक्रिया और कुछ बाजार संकेतकों का आकलन करने से पता चलता है कि इस बार रैली पिछली बार की तुलना में अधिक टिकाऊ हो सकती है। निवेशक हांगकांग/चीन के शेयरों में कम निवेश कर रहे थे। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। उम्मीद की जा रही है कि चीन के बाजार लंबी नींद के बाद अब उठेंगे। हाल ही में एमएससीआई एसी वर्ल्ड इन्वेस्टेबल मार्केट इंडेक्स में भारत का वेट चीन से अधिक हो गया था। इससे एफआईआई को फिर से चीन में निवेश करने के लिए पर्याप्त जगह मिल गई है। चीनी शेयरों का सस्ता वैल्यूएशन उन्हें आकर्षित कर रहा है। जियोजित के डॉ. वी के विजयकुमार ने कहा कि चीन में तेजी लंबे समय तक बनी रह सकती है। इसका मतलब है कि एफआईआई भारत में बेचना जारी रख सकते हैं और बेहतर प्रदर्शन करने वाले बाजारों में कुछ और पैसा लगा सकते हैं। लेकिन इससे भारतीय बाजार पर कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि भारी घरेलू निवेशक भी मजबूत हैं।

### क्या होगा असर

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के विश्लेषकों ने कहा कि भारत में एफआईआई का प्रवाह निष्क्रिय किस्म का रहा है और सक्रिय एफआईआई चीन का रुख कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर संदेह जताया कि सक्रिय एफपीआई भारत में अपने स्टॉक का अहम हिस्सा बेचेंगे और उसे चीन ले जाएंगे। जीईएम ईटीएफ फंड से निष्क्रिय या ईटीएफ इन्क्रीमेंटल फ्लो में कुछ कमी देखी जा सकती है। विभिन्न बेंचमार्क सूचकांकों में दोनों देशों के रिलेटिव वेट भार में किसी भी बदलाव से केवल जीईएम ईटीएफ फंड से इन्क्रीमेंटल फ्लो पर असर होगा।

# फेस्टिव सीजन में मिल सकता है सस्ते हवाई सफर का तोहफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेस्टिव सीजन में अगर आप हवाई सफर करने को सोच रहे हैं तो यह आपके फायदे की खबर हो सकती है। दरअसल एविएशन टर्बाइन फ्यूल या विमानन ईंधन के दाम में करीब 6000 रुपए तक की कटौती की गई है, जिस कारण हवाई किराए में कमी की उम्मीद की जा रही है। राजधानी दिल्ली में एटीएफ के दाम 5882.78 रुपए प्रति किलोलीटर घटकर 87,597.22 रुपए प्रति किलोलीटर पर आ गए हैं। प्रतिशत के हिसाब से देखें तो ये 6.30 फीसदी की कटौती है और इसे खासी अच्छी कटौती मानी जा सकती है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश के चारों महानगरों में जेट फ्यूल यानी एयर टबाईन फ्यूल कितना सस्ता हो चुका है।

देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 5,883 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है, जिसके बाद दाम 87,597.22 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

कोलकाता में जेट फ्यूल की कीमतों में 5,687.64 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है। जिसके बाद दाम 90,610.80 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 5,566.65 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है, जिसके बाद दाम 81,866.13 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

सबसे ज्यादा कटौती चेन्नई में देखने को मिली है। घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 6,099.89 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती है, जिसके बाद दाम 90,964.43 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

### दो महीने में कितना सस्ता हुआ एटीफ

दो महीनों मूं देश की राजधानी दिल्ली में एटीएफ की कीमतों में 10,378.5 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती देखने को मिल चुकी है।

अगर बात कोलकाता की करें तो इस दौरान जेट फ्यूल की कीमतों में 9,910.08 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौजी आ चुकी है।

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में दो महीने में जेट फ्यूल की कीमत में 9,784.21 गिरावट आई है।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों बीते दो महीनों मं जेट फ्यूल की कीमतों में सबसे ज्यादा सस्ता 10,667.65 रुपए दाम कम हैं।

### इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर अपडेट हुए प्राइस

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर एटीएफ के दाम अपडेट हो चुके हैं और आप वहां पर नए रेट जान सकते हैं। ये नए दाम आज से ही लागू हो गए हैं और महीने के पहले दिन ही एटीएफ के दाम में गिरावट आ चुकी है। जेट फ्यूल की कीमतों में बड़ी कटौती होने के बाद एयरलाइन अपनी टिकटों में कटौती कर सकती है। एयरलाइन की पूरी कॉस्ट में 40 फीसदी का वेटेज जेट फ्यूल की कीमतों का होता है। खास बात तो ये है कि त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में हवाई सफर सस्ता होगा तो आम लोगों के लिए दोहरी खुशी होगी। जानकारों की मानें तो हर साल फेस्टिव सीजन में एयराइन अपनी टिकटों की कीमत तेजी देखने को मिलती है। ऐसे में अगर इस कटौती देखने को मिले तो कोई हैरानी की बात नहीं होगी।

# गोल्ड लोन देने वालों को आरबीआई की बड़ी चेतावनी, जारी की सख्त गाइडलाइन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को सोने के बदले कर्ज देने वाले संस्थानों में कई अनियमितताओं की पहचान की है और उनसे अपनी नीतियों एवं प्रक्रियाओं की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। सेंट्रल बैंक ने कर्जदाताओं को भेजे एक संदेश में बताया कि हाल की समीक्षा में सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर दिए जाने वाले ऋणों के संबंध में कई खामियां सामने आई हैं। आरबीआई के मुताबिक, कर्जों के स्रोत और मूल्यांकन के लिए तीसरे पक्ष के उपयोग में कमियां, ग्राहक की गैर-मौजूदगी में सोने का मूल्यांकन, अपर्याप्त जांच-पड़ताल और स्वर्ण ऋण के अंतिम उपयोग पर निगाह रखने में कमी और चूक होने पर सोने के आभूषणों की नीलामी के दौरान पारदर्शिता का अभाव जैसी खामियां पाई गई हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा के हाल के अध्ययन में कहा गया है कि आरबीआई की तरफ से हाल में उठाए गए कदमों के बावजूद स्वर्ण ऋण में अच्छी वृद्धि हुई है और मार्च, 2025 तक संगठित कर्जदाताओं का पोर्टफोलियो 10 लाख करोड़ रुपए तक हो जाने का अनुमान है।

आरबीआई ने सोने के बदले कर्ज देने के कारोबार में शामिल सभी संस्थाओं को अपनी नीतियों और प्रक्रिया की व्यापक समीक्षा करने, कमियों की पहचान करने और समयबद्ध तरीके से उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करने की सलाह दी। आरबीआई अधिसूचना के मुताबिक, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आउटसोर्स की गई गतिविधियों और तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं पर इन संस्थाओं का पर्याप्त नियंत्रण हो। इसमें कहा गया है कि स्वर्ण ऋण देने वाली संस्थाएं आरबीआई के वरिष्ठ पर्यवेक्षी प्रबंधक को तीन महीने के भीतर अपनी कार्रवाई के बारे में सूचित कर सकती हैं। इस संबंध में दिशानिर्देशों का पालन न करने को रिजर्व बैंक गंभीरता से लेगा।

# 100 से कम के स्टॉक को खरीदने की होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्मॉल स्टॉक राठी स्टील एंड पावर के शेयरों की कीमतों में गुरुवार को 5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगने के पीछे की वजह नया प्रोजेक्ट है। कंपनी के शेयरों का भाव इस 5 प्रतिशत की उछाल के बाद भी 100 रुपये से काफी कम है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एक फॉरवर्ड इंटीग्रेशन प्रोजेक्ट की स्थापना को मंजूरी दी, जिसमें स्टेनलेस स्टील के तारों, ब्राइट बार और एनील्ड का उत्पादन शामिल है। इसकी अनुमानित लागत 50 करोड़ रुपये तक है। बीएसई में आज कंपनी के शेयर सोमवार की क्लोजिंग 62.38 रुपये की तुलना में 64.70 रुपये के लेवल पर खुला। लेकिन कुछ देर के बाद कंपनी के शेयरों को और खरीदार मिल गए। जिस वजह से स्टॉक में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। और बीएसई में शेयरों का भाव 65.49 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बता दें, बीएसई में कंपनी का 52 वीक हाई 97.81 रुपये है। और 52 वीक लो लेवल 20.35 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 554.95 रुपये का है।

### 1 साल में 200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न

राठी स्टील एंड पावर के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल के दौरान 200 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, निवेशकों के लिए पिछला 6 महीना उतना अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान स्टॉक का भाव 7.6 प्रतिशत ही बढ़ा है। बीते एक महीने में स्टॉक मुनाफा वसूली का शिकार हो गया। जिस वजह से स्टॉक 6 प्रतिशत से अधिक नीचे लुढ़का है। बता दें, ट्रेंडलाइन के डाटा के अनुसार इस कंपनी में पब्लिक की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत से अधिक की है। कंपनी में केनारा बैंक की भी हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से अधिक की है।

# एनर्जी सेक्टर की कंपनी में होगा 8,000 करोड़ रुपये का निवेश

### 3 मिनट में ही लगा शेयर में अपर सर्किट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर ब्रांड सोलेक्स एनर्जी लिमिटेड ने कल ही अपनी विज़न 2030 रणनीति की घोषणा की। इसके तहत 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। इस फैसले का असर आज सुबह की शेयर बाजार में दिखा। बाजार खुलते ही शेयर 10 फीसदी चढ़ कर अपर सर्किट में फंसे। कंपनी की यह पहल सोलर टेक्नालॉजी को आगे बढ़ाने और ऑपरेशंस को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सोलेक्स एनर्जी लिमिटेड का शेयर कल 1491.10 रुपये पर बंद हुआ था। आज सुबह बाजार खुलते ही इसका दाम 1510 रुपये कोट किया गया। नीचे में यह 1490 रुपये तक गया। लेकिन लिवालों के दवाब में इसका दाम बढ़ने लगा। बाजार खुलने के तीन मिनट के अंदर इसका दाम 10 फीसदी चढ़ कर 1561 रुपये पर चला गया। यह इसका अपर सर्किट था। मतलब कि यहां पहुंच कर इसका कारोबार बंद हो गया।

### इंटीग्रेटेड सोलर प्लेयर बन जाएगी

इस निवेश के बाद सोलेक्स पूरी तरह से इंटीग्रेटेड सोलर प्लेयर के रूप में स्थापित हो जाएगी। इस महत्वाकांक्षी योजना के हिस्से के रूप में, सोलेक्स 2 गीगावाट की शुरुआती क्षमता वाली एक नई सेल निर्माण सुविधा के विकास को एक्सप्लोर कर रहा है, जिसे 5 गीगावाट तक बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी




मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता भी 1.5 गीगावाट से बढ़ाकर 15 गीगावाट की जाएगी। सोलेक्स का लक्ष्य इस ग्रोथ को पूरा करने के लिये अपनी वर्कफोर्स को 25,000 से अधिक तक बढ़ाना है।

### महत्वपूर्ण माइलस्टोन

सोलेक्स एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर चेतन शाह का कहना है विज़न 2030 एक पूर्णतः एकीकृत सोलर कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। रेक्टेंगुलर सेल वाली एन-टाइप टॉपकॉन तकनीक की शुरुआत के साथ, सोलेक्स एनर्जी दक्षता और विश्वसनीयता के लिए मानक बढ़ा रही है।

### रेक्टेंगुलर सेल का डिजाइन

वह बताते हैं कि कंपनी का विज़न 2030 का एक प्रमुख घटक तापी-आर श्रृंखला का शुभारंभ है। इसमें सोलर मॉड्यूल एन-टाइप टॉपकॉन तकनीक और एक रेक्टेंगुलर सेल का डिज़ाइन शामिल है। उनका कहना है कि यह भारत में सोलर एनर्जी उत्पादन के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा। इस श्रृंखला का नाम तापी नदी के नाम पर रखा गया है, जो उस सोलेक्स के हेडक्वार्टर स्थित क्षेत्र में जीवन शक्ति का प्रतीक है और इसके आर रेक्टेंगुलर सेल डिज़ाइन के लिए है,जो बिजली दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

# साइबर-फिजिकल सिस्टम्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक वाहनों में नवप्रवर्तन पर चर्चा के लिए महिन्द्रा युनिवर्सिटी में विशेषज्ञ एकत्रित हुए

**हैदराबाद/नई दिल्ली, एजेंसी।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने साइबर-फिजिकल सिस्टम्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की जिसमें दुनियाभर से अनुसंधानकर्ता, वैज्ञानिक और इंजीनियर शामिल हुए। यह सम्मेलन अंतर्दृष्टि साझा करने, अनूठे विचारों के आदान प्रदान और इस क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान प्रगति पर चर्चा के लिए एक शानदार प्लेटफॉर्म साबित हुआ।

इस तीन दिवसीय आयोजन में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में उभरती प्रौद्योगिकियों, बैटरी प्रबंधन प्रणाली, पावर कनवर्टर और ग्रिड इंटीग्रेशन सहित विभिन्न व्यापक विषयों पर चर्चा शामिल रही। इन वक्ताओं ने कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस, साइबर फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और अक्षय ऊर्जा प्रणालियों से जुड़े विषयों पर चर्चा की जो उद्योग और अकादमिक क्षेत्र की उभरती जरूरतों के अनुकूल है। सम्मेलन के दौरान दुनियाभर से अनुसंधानकर्ताओं ने 63 तकनीकी परिपत्रों में अपने कार्यों को




प्रदर्शित किया। उद्योगपतियों और अकादमिक क्षेत्र के लोगों ने चार मुख्य व्याख्यान दिए। मैथवर्क्स में सीनियर इंजीनियर रमन रेड्डी ए.वी. ने मैट्रिक्स लैबोरेटरी (मैटलैब) और सिमुलिंक का उपयोग कर ऑटोमोटिव सिस्टम्स के लिए मॉडल आधारित डिजाइन पर अपनी अंतर्दृष्टि पेश की। ओपल-आरटी टेक्नोलॉजीज के फील्ड एप्लीकेशन इंजीनियर साई तेजा चेरला ने ईवीएसई चार्जिंग और स्मार्ट ग्रिड सिक्युरिटी पर अपना व्याख्यान दिया। युनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा में कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर श्रीनिवास कटकूरी ने कनेक्टेड एवं ऑटोमोटिव व्हीकल्स के लिए एल्गोरिथम्स पर चर्चा की। वहीं टेकट्रॉनिक्स में प्रिसिंपल इंजीनियर श्रीकृष्ण एन.एच. ने पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, सीपीएस, ईवी और क्वांटम टेक्नोलॉजीज़ के कनवर्जेंस को पेश किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि और आईआईटी धनबाद के निदेशक सुकुमार मिश्रा ने इस सम्मेलन को विचारों और आगे बढ़ रहे अनुसंधान के आदान प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए इसका सराहना की।

# केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने हृदय संबंधी बढ़ते जोखिमों के बीच युवा भारतीयों से स्वास्थ्य बीमा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया

**मुंबई, एजेंसी।** हाल के दौर में देश की युवा आबादी के बीच हृदय संबंधी रोग (सीवीडी) की घटनाएं खतरनाक स्तर तक बढ़ गई हैं। इसका एक अर्थ यह भी है कि हृदय संबंधी रोगों को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई जाए और व्यापक स्वास्थ्य कवरेज की तत्काल आवश्यकता के बारे में उन्हें बताया जाए।

'द लैंसेट' ने हाल ही में द बर्जोनिंग कार्डियोवास्कुलर डिज़ीज़ एपिडेमिक इन इंडियंस, शीर्षक से प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया है कि हृदय संबंधी रोगों के मामले में हमारा देश, वैश्विक औसत की तुलना में काफी अधिक मुश्किलों का सामना कर रहा है, जिसमें आयु-मानकीकृत मृत्यु दर 282 प्रति 100,000 है - जो वैश्विक औसत 233 प्रति 100,000 से काफी अधिक है। इसके अतिरिक्त, भारत में हृदय संबंधी रोगों के कारण ऐज-स्टैंडर्डाइज्ड डिसएबिलिटी-अडजस्टेड लाइफ इयर्स दर वैश्विक औसत से 1.3 गुना अधिक है। यह महामारी, जो पहले शुरू हुई, अधिक जोखिम वाली है और इसमें समय से पहले मृत्यु की दर भी ऊंची है।

# भारत ने टी-20 स्टाइल में जीता कानपुर टेस्ट

## 2 दिन में मैच पलटा

### 34.3 ओवर में 285 रन बनाए, बांग्लादेश को 2 बार ऑलआउट किया
### जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच ,अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत ने कानपुर टेस्ट में बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। बारिश से प्रभावित मुकाबले के आखिरी दिन मंगलवार को भारत को 95 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारतीय बैटर्स ने 17.2 ओवर में हासिल कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 51 रन बनाए। कोहली 29 रन पर नाबाद रहे। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने चौका जमाते हुए टीम को जीत दिलाई। जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच और अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए।

लंच से पहले भारत ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में 146 रन पर ऑलआउट किया। बांग्लादेश ने 26/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत की थी। सोमवार को भारत ने पहली पारी 34.4 ओवर में 9 विकेट पर 285 रन के स्कोर पर डिक्लेयर की।

टीम इंडिया ने बांग्लादेश की पहली पारी को 233 रन पर समेटा था। बारिश के कारण तीसरे और दूसरे दिन का खेल रद्द करना पड़ा था, जबकि पहले दिन सिर्फ 35 ओवर ही डाले जा सके थे। ऐसे में मैच लगभग ड्रॉ माना जा रहा था, लेकिन भारतीय टीम ने आखिरी 2 दिन में पूरी तस्वीर पलट दी। भारत ने होम ग्राउंड पर लगातार 18वीं सीरीज जीती है। टीम को आखिरी हार 2012 में मिली थी।




**सीरीज के हीरो**

**1. जायसवाल टॉप स्कोरर रहे** - यशस्वी जायसवाल सीरीज के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने दोनों पारियों में फिफ्टी जमाई। जायसवाल ने सीरीज में 47.25 के एवरेज से 189 रन बनाए।

**2. बुमराह-अश्विन टॉप विकेट टेकर** - जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन सीरीज के टॉप-2 विकेट टेकर्स में शामिल रहे। दोनों ने 11-11 विकेट चटकाए।

**भारत के नाम रहा आखिरी दिन का खेल** - मुकाबले के आखिरी दिन भारत का दबदबा रहा। बांग्लादेश ने 26/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत की, लेकिन टीम ने लंच से पहले 120 रन बनाने में आखिरी 8 विकेट गंवा दिए। ओपनर शादमान इस्लाम (50 रन) और मुश्फिकुर रहीम (37 रन) ने थोड़ा जुझारूपन दिखाया, लेकिन उन्हें किसी अन्य बल्लेबाज का साथ नहीं मिला।

कानपुर की पिच में दिन की शुरुआत से टर्न देखने को मिला। इसका भारतीय स्पिनर्स ने बखूबी फायदा उठाया। रविचंद्रन अश्विन ने मोमिनुल हक को आउट करके टीम को दिन का पहला विकेट दिलाया। उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 6 विकेट चटकाए। विकेट टेकर्स की लिस्ट में जसप्रीत बुमराह भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी 3 विकेट लिए। एक विकेट आकाश दीप को मिला।

सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (101 गेंद पर 50 रन, 10 चौके) ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (19) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। शंटो के खराब शॉट चयन से यह साझेदारी टूटी जिसके बाद भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। जडेजा की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में शंटो पूरी तरह से चूक गए और बोल्ड हो गए। तेज गेंदबाज आकाश ने शादमान को स्लिप में यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराके बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया।

बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा ने इसके बाद लिटन दास (01) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया और फिर शाकिब अल हसन का कैच अपनी ही गेंद पर लपककर बांग्लादेश के मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। शाकिब अपने टेस्ट करियर की संभवतः आखिरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाए। बुमराह ने इसके बाद मेहदी हसन मिराज (09) और ताइजुल इस्लाम (00) को आउट कर बांग्लादेश की मुश्किलें और बढ़ा दीं। उन्होंने मुशफिकुर रहीम (37) को बोल्ड करके बांग्लादेश की पारी का अंत किया।

**1964 के बाद पहली बार हुआ ऐसा** - बांग्लादेश ने नाहिद राणा और तस्कीन अहमद के स्थान पर तैजुल इस्लाम और खालिद को जगह दी है। टॉस के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले मैच में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी मगर बाद में टीम ने वापसी कर ली थी। यहां दिलचस्प है कि 1964 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भी टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है क्योंकि ग्रीनपार्क की पिच पर चौथी पारी में खेलना अति दुष्कर हो जाता है।

**इस मैदान का रिकॉर्ड** -यहां अब तक 23 टेस्ट मैच खेले जा चुके है जिसमें भारत के पक्ष में सात मैच आये हैं जबकि तीन में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। 13 मैचों में हार जीत का फैसला नहीं हो सका है। भारत ने यहां पिछला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेला था जिसमें हार जीत का फैसला नहीं हो सका था।

## बंगाल के 28 वर्षीय क्रिकेटर की सीढ़ियों से गिरने के कारण मौत



**कोलकाता (एजेंसी)।** एक दुखद घटना ने बंगाल क्रिकेट समुदाय को शोक में डाल दिया है। युवा क्रिकेटर आसिफ हुसैन की असामयिक की मात्र 28 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। परिवार के अनुसार दुर्घटना से पहले आसिफ का स्वास्थ्य ठीक था। दुख की बात है कि अपने घर की सीढ़ियों से गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोट लगी। उन्हें तुरंत शहर के एक प्रसिद्ध निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

आसिफ हुसैन एक समर्पित खिलाड़ी थे जिन्होंने बंगाल क्रिकेट ढांचे के भीतर विभिन्न आयु समूहों का प्रतिनिधित्व किया था। वह बंगाल की सीनियर टीम में जगह बनाने की ख्वाहिश रखते थे, उन्होंने बंगाल टी20 लीग के दौरान एक मैच में 99 रन बनाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इस साल की शुरुआत में उन्होंने क्लब क्रिकेट के पहले डिवीजन में स्पोर्टिंग यूनियन के साथ अनुबंध किया जिससे खेल में उनकी महत्वाकांक्षाओं का पता चलता है।

साथी क्रिकेटरों ने एक चमकते सितारे के जाने पर शोक व्यक्त करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। मंगलवार को अपने अभ्यास सत्र की शुरुआत में बंगाल की सीनियर पुरुष टीम ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए एसके आसिफ हुसैन की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा।

## यह जादू नहीं, बांग्लादेश के खिलाफ जीत के बाद बोले जसप्रीत बुमराह



**कानपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्वयं को जादूगर कहे जाने पर कानपुर टेस्ट जीतने के बाद कहा कि मैं विशेषण में विश्वास नहीं रखता यह परिस्थितियों के अनुसार अनुभव का उपयोग है। दूसरे टेस्ट मैच में कुल छह विकेट लेने वाले बुमराह ने (स्वयं को जादूगर कहे जाने पर) कहा कि मैं इस तरह के विशेषण में विश्वास नहीं रखता। यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह लगातार बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं। हमारा लंबा टेस्ट सत्र है इसलिए टी-20 विश्वकप के बाद से ब्रेक जरूरी था। अभ्यास भी उतना ही आवश्यक है और यह भी देखना जरूरी था कि इस टेस्ट सत्र के लिए हमारी तैयरी पूरी हो।

# डब्ल्यूटीसी 2-0 से क्लीन स्वीप के साथ भारत अंक तालिका में शीर्ष पर

### बांग्लादेश इस स्थान पर खिसका

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत ने कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर सीरीज पर 2-0 से कब्जा कर लिया। इसे पहले टीम इंडिया ने चेन्नई में मेहमानों को 280 रनों से हराया था। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। वहीं, बांग्लादेश सातवें पायदान पर खिसक गया है। बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप के बाद भारतीय टीम शीर्ष पर बरकरार है। 11 मैचों में आठ जीत के साथ अब उनका अंक प्रतिशत 74.24 का हो गया है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए अब रोहित शर्मा की सेना को आठ में से चार मुकाबले जीतने होंगे। अब भारत का सामना न्यूजीलैंड से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में होगा जबकि इस साल के अंत में टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

**सातवें स्थान पर खिसका बांग्लादेश** - भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद बांग्लादेश की टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गई है। उनका अंक प्रतिशत 34.38 का हो गया है। इससे पहले टीम 33 अंकों के साथ पांचवें पायदान पर थी। हाल ही में नजमुल हुसैन शांतो की सेना की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 0-2 से क्लीन स्वीप किया थास लेकिन अब उन्हें भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है।

**पाकिस्तान की हालत खराब** - पाकिस्तान की टीम का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना लगभग खत्म हो चुका है। सात में से पांच मुकाबलों में उन्हें मिली है। यही वजह है कि 19.05 अंक प्रतिशत के साथ टीम आठवें पायदान पर है। दूसरे पायदान पर ऑस्ट्रेलिया है, जिन्होंने आठ मुकाबलों में जीत का परचम लहराया है। उनका अंक प्रतिशत 62.50 है। न्यूजीलैंड को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से मात देने के बाद श्रीलंका की टीम अंक तालिका में 55.56 के अंक प्रतिशत के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। इंग्लैंड चौथे, दक्षिण अफ्रीका पांचवें, न्यूजीलैंड छठे और वेस्टइंडीज नौवें पायदान पर है।



**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-24 की अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | ड्रॉ | अंक | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 11 | 8 | 2 | 0 | 1 | 98 | 74.24 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 0 | 1 | 90 | 62.50 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 0 | 60 | 55.56 |
| इंग्लैंड | 16 | 8 | 7 | 0 | 1 | 81 | 42.19 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 0 | 1 | 28 | 38.89 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 3 | 5 | 0 | 0 | 36 | 37.50 |
| बांग्लादेश | 8 | 3 | 5 | 0 | 0 | 33 | 34.38 |
| पाकिस्तान | 7 | 2 | 5 | 0 | 0 | 16 | 19.05 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 0 | 2 | 20 | 18.52 |

## दूसरे टेस्ट में अश्विन ने खोला 'पंजा', बनाया बड़ा रिकॉर्ड, अब तक कोई भारतीय नहीं कर पाया था ऐसा

### अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दूसरे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर सीरीज अपने नाम की। करीब ढाई दिन चले मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों से लेकर गेंदबाजों तक ने कमाल का प्रदर्शन किया। टीम इंडिया ने टेस्ट में पहले तो टी20 वाली बल्लेबाजी की, फिर भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को सस्ते में समेट दिया। यशस्वी जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच और रविचंद्रन अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इसके साथ ही अश्विन ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। अब तक कोई भी भारतीय यह कारनामा नहीं कर पाया था।

**मुरलीधरन की बराबरी की** - अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय प्लेयर बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन की बराबरी कर ली है। अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 11 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड अपने नाम किया है। मुथैया मुरलीधरन ने भी 11 बार ही यह कारनामा किया था।

**सीरीज में अश्विन का प्रदर्शन** - दूसरे टेस्ट में अश्विन के प्रदर्शन की बात करें तो बांग्लादेश की पहली पारी में उन्होंने 15 ओवर में 3 की इकॉनमी से 45 रन देकर 2 विकेट चटकाए थे। बांग्लादेश की दूसरी पारी में भी उन्होंने 15 ओवर गेंदबाजी की और 3.30 की इकॉनमी से 50 रन खर्च कर 3 शिकार किए।

**टेस्ट में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार**

11 बार - मुथैया मुरलीधरन
11 बार - रविचंद्रन अश्विन
9 बार - जैक कैलिस
8 बार - सर रिचर्ड हैडली
8 बार - इमरान खान
8 बार - शेन वॉर्न

# रविंद्र जडेजा के कायल हुए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, बोले- वह संपूर्ण खिलाड़ी

**कानपुर (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट में 3000 रन और 300 विकेट पूरे करने वाले हरफनमौला रविंद्र जडेजा की तारीफ करते हुए भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि वह संपूर्ण खिलाड़ी हैं जो कभी भी मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं। जडेजा ने 74 मैचों में इस उपलब्धि को अपने नाम किया। सिर्फ इंग्लैंड के महान हरफनमौला इयान बॉथम ने उनसे कम मैचों में इस उपलब्धि को हासिल किया है। बॉथम ने 72 मैचों में 3000 टेस्ट रन और 300 विकेट का आंकड़ा छुआ था। 35 साल के जडेजा ने मैच के चौथे दिन बांग्लादेश की पहली पारी में हसन महमूद को आउट कर इस उपलब्धि को हासिल किया। मोर्कल ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा कि मेरे लिए वह एक संपूर्ण पैकेज है। आप जानते हैं, वह बल्लेबाजी करता है, वह गेंदबाजी करता है, वह मैदान पर ऐसा खिलाड़ी है जो जादू कर सकता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसे आप हमेशा अपनी टीम में रखना चाहेंगे। वह पिछले कई वर्षों से भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।



दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि 300 क्लब में शामिल होना विशेष है। वह कभी मेहनत करने से पीछे नहीं हटता है और आप किसी खिलाड़ी में यही देखना चाहते हैं। जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की जोड़ी पिछले कुछ वर्षों में प्रतिद्वंद्वी टीमों के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसने में काफी हद तक सफल रही है। इन दोनों ने बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका नहीं दिया है। मोर्कल ने कहा कि वे लोग हैं जो आपको कोई कमजोर गेंद नहीं देते। आपको हमेशा रन बनाने के तरीके खोजने होंगे। दोनों गेंदबाज अगर एक साथ गेंदबाजी करते है तो बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उनकी गेंदबाजी की साझेदारी काफी सफल रही है। बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण 2 दिन का खेल पूरी तरह से धुल गया जबकि मैच के पहले दिन सिर्फ एक सत्र का खेल हो सका।

मोर्कल का हालांकि मानना है कि भारतीय टीम इस मैच को जीतने के लिए पूरा जोर लगाएगी। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान समय और खेल का दिन बर्बाद होना कभी अच्छा नहीं होता है। मैं जानता था कि होटल में बैठना इन खिलाड़ियों के लिए बहुत निराशाजनक था। मेरे लिए यह देखना काफी प्रभावशाली था कि हमारे खिलाड़ी मैदान पर उतरने के साथ जिम से जुड़े अपने काम कर रहे थे, अपने शरीर की देखभाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें पता था कि इस मैच में हमें मौका मिलेगा और हम सकारात्मक तरीके से उस पर अपना प्रभाव डालने की कोशिश कर रहे थे। हमने जज्बा दिखाया कि इस समय भी हम परिणाम हासिल कर सकते हैं।

मोर्कल को भारतीय बल्लेबाजों के अति आक्रामक रवैये को देखकर कोई हैरानी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया वह देखना शानदार था। हमने पहले गेंदबाजी करते हुए दबाव बनाया और विकेट चटकाए और फिर बल्लेबाजी में इस तरह का जज्बा दिखाना शानदार रहा। उन्होंने कहा कि दिन की शुरुआत में यही हमारी योजना थी। हम परखना चाहते थे कि खुद को किस स्थिति तक पहुंचा सकते है और किस तरह से इस मैच को अपने पक्ष में कर सकते हैं। भारत ने बांग्लादेश की दूसरी पारी में 26 रन पर 2 विकेट चटका लिए हैं।

मोर्कल ने कहा कि टेस्ट मैच दबाव बनाने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अगर आप लंबे समय तक दबाव कायम रख सकें तो आपको परिणाम मिलेंगे। मुझे लगता है कि इस टीम के पास बहुत अनुभव है और ये खिलाड़ी इन परिस्थितियों को बहुत अच्छी तरह समझते है। इसलिए वे जानते हैं कि उस पल में क्या महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह योजनाओं को मैदान में उतारने के बारे में है। आपके पास सबसे अच्छी योजनाएं हो सकती हैं लेकिन यदि आप इसे लंबे समय तक क्रियान्वित नहीं कर पाते हैं तो आप असफल हो जाएंगे।

## रोनाल्डो के गोल से अल नस्र ने चैंपियन्स लीग में अल रेयान को हराया



**रियाद (एजेंसी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्र ने सोमवार को एएफसी चैंपियन्स लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया। पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे।

उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया।

## सचिन तेंदुलकर फिर उतरेंगे मैदान में

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में लगाएंगे चौके-छक्के; भारत के 3 शहरों में होगा मल्टीनेशन टूर्नामेंट

**मुंबई (एजेंसी)।** क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर एक बार फिर मैदान पर अपनी कला दिखाते नजर आएंगे। वह इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) में भारत के लिए खेलते दिखेंगे। आईएमएल का पहला सीजन इसी साल भारत के 3 शहरों मुंबई, रायपुर और लखनऊ में होगा। जिसकी तारीखें तय होना बाकी हैं।

**गावस्कर बने लीग कमिश्नर** -मुंबई और इंडियन क्रिकेट के 2 सितारे सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के इनिशिएटिव से आईएमएल शुरू होगी। गावस्कर को लीग का कमिश्नर बनाया गया है, वहीं तेंदुलकर लीग में खेलते नजर आएंगे। लीग में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका की टीमें भी हिस्सा लेंगी। 6 देशों का टूर्नामेंट अब से हर साल होगा। पीएमसी स्पोर्ट्स ने इस लीग को कराने की जिम्मेदारी उठाई है।

**सचिन बोले, टी-20 ने क्रिकेट को नए फैन्स दिए** -सचिन तेंदुलकर ने लीग को लेकर कहा, क्रिकेट भारत ही नहीं, दुनियाभर में तेजी से विकसित हो रहा है। लेकिन पिछले दशक में टी-20 ने तेजी से अपनी पहचान बनाई और नए फैन्स को इस खेल से जोड़ने पर मजबूर कर दिया। नए और पुराने फैन्स दिग्गजों को एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर देखने के लिए उत्साहित हैं। एक खिलाड़ी अपने मन में कभी रिटायर नहीं होता, उनके अंदर हमेशा एक खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार रहता है। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के जरिए हम क्रिकेट फैन्स और दिग्गजों को फिर एक बार साथ लाना चाह रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ी भरपूर तैयारी करेंगे और दर्शकों को मनोरंजन का नया जरिया दिखाएंगे।सचिन तेंदुलकर ने 2013 में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था।



**गावस्कर ने कहा, आईएमएल पुरानी यादों को ताजा करेगा** - सुनील गावस्कर ने लीग को लेकर कहा, टी-20 क्रिकेट के विकास ने खेल को नया मैजिक दिया है। आईएमएल की मदद से फैन्स अपने लीजेंड प्लेयर्स को फिर एक बार खेलते हुए देखेंगे। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि पुरानी यादें ताजा करने का बेहतरीन जरिया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर अमित शाह का करारा प्रहार, कांग्रेसियों ने बार-बार किया है मोदी जी का अपमान



**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनावी समर अपने चरम पर है। ऐसे में, सभी राजनीतिक पार्टियाँ एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का राजनीतिक खेल खेलने में लगी हुई है। लेकिन जम्मू-कश्मीर की एक जनसभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक विवादित बयान देते हुए कहा कि, 'मैं तब तक जीवित रहूंगा, जब तक पीएम मोदी सत्ता से हट नहीं जाते।' उनके इस बयान पर सियासी गलियारों में एक तरह से हलचल सी मच गई है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने खड़गे के इस बयान पर आपत्ति जताते हुए अपने एक्स पर लिखा कि, '29 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में अभद्र भाषा के इस्तेमाल में खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को भी पीछे छोड़ दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में बिल्कुल अरुचिकर और अपमान जनक बोलकर खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को मात दे दी। द्वेष का कड़वा प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने अनावश्यक रूप से पीएम मोदी को अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य मामलों में यह कहकर घसीटा कि वह पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे। इससे पता चलता है कि इन कांग्रेसियों के मन में पीएम मोदी से कितनी नफरत और डर है कि वे लगातार उन्हीं के बारे में सोच रहे हैं। जहाँ तक खड़गे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह लंबा, स्वस्थ जीवन जिएँ। वह कई वर्षों तक जीवित रहें और मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण देखने के लिए जीवित रहें।'

### नोएडा में गौर सिटी के फ्लैट में छत से गिरा प्लास्टर का बड़ा टुकड़ा, जख्मी हुआ कमरे में खड़ा शख्स

**नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी में छत से प्लास्टर गिरने की वजह से एक युवक जख्मी हो गया है। घटना गौर सिटी-1 के 5ह्लद्ध एवेन्यू की है। प्लास्टर कमरे में खड़े शख्स पर गिरा, जिससे हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार ने हादसे के बाद वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हादसा एच टावर के एक फ्लैट में हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि बेड के ऊपर छत से प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा गिरा हुआ है। वीडियो बनाने वाला कहता है, छत गिर गई, चोट अलग से आई। सिर पर ही गिरा है। हादसा 30 सितंबर को रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ। गौर सिटी में इससे पहले भी प्लास्टर गिरने की शिकायतें फ्लैट ऑनर्स कर चुके हैं। मई 2023 में एवेन्यू में सीढ़ी के पास छत से प्लास्टर गिरने की घटना सामने आई थी। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई मौजूद नहीं था। फ्लैट ऑनर्स प्लास्टर गिरने की घटनाओं से चिंतित हैं और कई बार निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठा चुके हैं।

### नोएडा में कार में घुसा ट्रॉली का नुकीला हिस्सा, कागज की तरह फटा दरवाजा

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा सेक्टर- 39 थानाक्षेत्र के सेक्टर- 44 में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे में कार तो पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि किसी को इसमें चोट नहीं आई। जिस समय हादसा हुआ कार में पांच लोग सवार थे। स्थानीय लोगों की मदद से मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। किसी को चोट नहीं लगी है। सभी को घर भेज दिया गया है। हादसे का एक वीडियो सामने आया है। लोगों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, सेक्टर- 44 में एक बिल्डर का कंस्ट्रक्शन काम चल रहा है।

# किंगमेकर या वोट कटवा? हरियाणा चुनाव में बागी बन सकते हैं पार्टियों का सिरदर्द



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होने को हैं। इससे पहले अब पार्टियां नतीजों को लेकर समीकरण बिठाने में जुट गई हैं। हरियाणा में कई मौकों पर अलग-अलग पार्टियों को सरकार बनाने में मदद कर किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले निर्दलीय उम्मीदवार इस बार चुनाव से पहले ही सुर्खियों में हैं। ऐसे 462 उम्मीदवार राज्य भर की 90 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से कई कांग्रेस और बीजेपी नेता हैं जिन्होंने टिकट न मिलने पर अपनी पार्टियों से बगावत कर दी थी। इन्हें वोट कटवा बताते हुए दोनों पार्टियां मतदाताओं से इन्हें वोट न देने की अपील कर रही हैं। बागी उम्मीदवारों से खतरे को स्वीकार करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को करनाल में एक रैली में वोटर्स से एकजुट रहने और बीजेपी के चुनाव चिह्न कमल पर ध्यान केंद्रित करने को बात की थी। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी बार-बार मतदाताओं से निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट न देने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, ÷यह बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। वोट-कटवा को वोट देने का कोई फायदा नहीं है और लोगों को उनसे दूर रहना चाहिए।÷

कांग्रेस-बीजेपी दोनों के लिए सिरदर्द

दोनों पार्टियों की ये चिंताएं लाजमी भी हैं। कई क्षेत्रों में निर्दलीय उम्मीदवारों का राजनीतिक आधार मजबूत है। झज्जर के बहादुरगढ़ से कांग्रेस के बागी राजेश जून पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार राजिंदर सिंह जून और बीजेपी के दिनेश कौशिक को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वहीं हिसार में भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल निर्दलीय के तौर पर मैदान में हैं। पूर्व मंत्री कांग्रेस और बीजेपी दोनों के उम्मीदवारों को परेशान कर सकती हैं। उचाना कलां में कांग्रेस के बागी वीरेंद्र घोघरियां कांग्रेस के बृजेंद्र सिंह, जेजेपी के दुष्यंत चौटाला बीजेपी के देवेंद्र अत्री के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल बिगाड़ सकते हैं। पूर्व मंत्री रणजीत सिंह सिरसा के रानिया से निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह तोशाम, सफीदों और बाढड़ा से कई बागी उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। गुरुग्राम में बीजेपी के बागी नवीन गोयल पार्टियों के लिए सिरदर्द साबित हो रहे हैं। गोयल का दावा है कि कांग्रेस-बीजेपी के चक्र से तंग आकर मतदाता अब उन उम्मीदवारों का समर्थन कर रहे हैं जिन्होंने सच में उनके लिए काम किया है। निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद के निधन के बाद उनकी पत्नी कुमुदनी बादशाहपुर से चुनाव लड़ रही हैं।

## राहगीर से मोबाइल फोन लेकर दी धमकी, गुरुग्राम में स्पा संचालक से मांगी गई रंगदारी

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में एक स्पा संचालक को फोन पर धमकाने के बाद स्पा पर आकर गन पॉइंट पर एक लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। यह पूरा घटनाक्रम स्पा सेंटर में लगे कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने सेक्टर-56 थाने में मामला दर्ज किया है। आरोपी ने राह चलते एक युवक से फोन लेकर स्पा संचालक से फिरौती मांगी थी।

मामले की जांच करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-40 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पुलिस ने एक पिस्तौल, बाइक और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। आरोपियों की पहचान 27 वर्षीय सचिन निवासी गांव बंधवाड़ी, गुरुग्राम और 18 वर्षीय दुष्यंत निवासी गांव बंधवाड़ी, गुरुग्राम के रूप में हुई।

मूलरूप से उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी ललित कुमार यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-55 स्थित एक मकान में किराये पर रहता है। सेक्टर-56 के सुशांत टावर में उसने ड्रीम स्पा खोला हुआ है। 25 सितंबर को दो अनजान नंबर से उसे कई बार फोन आया। फोन करने वालों ने कहा कि अगर कारोबार चलाना है तो एक लाख रुपये महीना देना होगा, नहीं तो जान से मार देगा। 27 सितंबर को दो नकबापोश युवक रात 8 बजे स्पा सेंटर पर आए और फिर से गन पॉइंट पर एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी और 28 सितंबर तक रुपये देने को कहा गया। उसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी।



## यात्री कृपया ध्यान दें! ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के हर स्टेशन की होगी अलग पहचान

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के 27 स्टेशन की इमारत अलग-अलग रंग की होगी। अलग रंग होने से मेट्रो स्टेशन की पहचान हो सकेगी। इस दिशा में काम करने के आदेश गुरुग्राम मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की अध्यक्ष डी.थारा ने जारी किए हैं।

आदेश में कहा है कि हर स्टेशन में एंट्री और एग्जिट गेट उस मुख्य सड़क पर बनाए जाएंगे, जिस तरफ रिहायशी और व्यवसायिक क्षेत्र अधिक हैं। इससे मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की संख्या अधिक रहेगी, जिससे सड़कों पर वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। जीएमआरएल के एक अधिकारी ने बताया कि हर मेट्रो स्टेशन का एक अलग कलर कोड होगा, जो उसकी पहचान होगी।

27 में से 18 मेट्रो स्टेशन के समीप पर्यटन स्थल बनाने की योजना है। इन मेट्रो स्टेशन के साथ जोहड़, बरसाती नाला, हरित क्षेत्र हैं। इसके अलावा वाहन पार्किंग का बंदोबस्त ठीक है।

## बिना शादी ही गुजारा भत्ता मांगने लगती थी, ठग महिला को कोर्ट से लगा बड़ा झटका

**औरंगाबाद, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने तलाक और मेंटिनेंस के नाम पर पुरुषों को ठगने वाली महिला की जमानत याचिका खारिज कर दी है। महिला पर आरोप है कि महिला पहले मेंटिनेंस पाने के लिए केस करती थी और बाद में शेटलमेंट होने के बाद केस वापस ले लेती थी। लताबाई जाधव और उसके दो वकीलों के खिलाफ सिलोद सिटी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। सुनवाई में देरी की बात कहते हुए जाधव ने जमात याचिका फाइल की थी। सेशन कोर्ट और मजिस्ट्रेट कोर्ट ने भी उसकी याचिका को खारिज कर दिया था।

जस्टिस एसजी मेहारे की बेंच ने कहा, सुनवाई में थोड़ी देरी हो गई है और इसलिए उम्मीद है कि ट्रायल कोर्ट अब तेजी से सुनवाई करेगा। दोनों कोर्ट में हुई अब तक की सुनवाई के मुताबिक मामला सच लगता है। याचिकाकर्ता महिला का पास्ट भी अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि जमानत के बाद वह फरार हो सकती है।

## कर्नाटक हाई कोर्ट से निर्मला सीतारमण को बड़ी राहत, इलेक्टोरल बॉन्ड केस में एफआईआर पर रोक

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कथित जबरन वसूली से संबंधित एक मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सोमवार को बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने उनके और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया है और चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित कथित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई तक यह रोक जारी रहेगी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद्द हो चुकी है।

जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कुमार कटील द्वारा दायर उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी गई थी। मामले की अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी



बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर शनिवार को सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी.वाई. विजयेंद्र, पार्टी नेता नलिन कुमार कटील के नाम भी प्राथमिकी में हैं।जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। इसमें कहा गया है, ''चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।''

## मणिपुर में फिर 6 महीने के लिए बढ़ाया गया अफस्पा, 19 पुलिस थाना क्षेत्रों में रहेगी छूट

**इंफाल, एजेंसी।** सरकार ने मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को अगले 6 महीने के लिए सोमवार को बढ़ा दिया। हालांकि, इंफाल घाटी के अंतर्गत आने वाले 19 थाना क्षेत्रों और असम की सीमा से लगे एक क्षेत्र को इससे बाहर रखा गया है। राज्य सरकार के गृह विभाग ने नोटिफिकेशन में बताया कि यह विस्तार 1 अक्टूबर से लागू होगा। इसमें कहा गया, 'राज्य में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति का विश्लेषण करने के बाद राज्य सरकार की यह राय बनी है। फिलहाल जमीनी स्तर पर विस्तृत आकलन करना उचित नहीं है, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियां कानून व व्यवस्था बनाए रखने में व्यस्त हैं।

नोटिफिकेशन में बताया गया कि अशांत क्षेत्र घोषित करने का मुद्दा बेहद संवेदनशील है। अगर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो यह आलोचना और प्रतिरोध का कारण बन सकता है। गृह आयुक्त एन. अशोक कुमार की ओर से हस्ताक्षरित अधिसूचना जारी हुई है। इसके मुताबिक, मणिपुर के राज्यपाल 19 थाना क्षेत्रों में आने वाले इलाकों को छोड़कर पूरे मणिपुर को 1 अक्टूबर से अगले छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित करने की मंजूरी देते हैं।

## अफगानिस्तान में हमलों को लेकर तालिबान की पाकिस्तान को चेतावनी- आतंकियों को ना दे पनाह

**काबुल, एजेंसी।** तालिबान अधिकारियों ने अफगानिस्तान में हाल ही में हुए घातक हमलों के लिए जिम्मेदार इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह के अहम सदस्यों को कैप्चर कर लिया है। तालिबान के एक प्रवक्ता ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी है। तालिबान ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को संगठन को पनाह देने का दोषी ठहराया है। अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान ने सत्ता में की थी। हालांकि इस्लामिक स्टेट का क्षेत्रीय रूप, जिसे इस्लामिक स्टेट खुरासान (आईएस- के) के रूप में जाना जाता है तालिबानी हुकूमत के लिए मुख्य चुनौती के रूप में उभरा है।

बड़े पैमाने पर किए गए ऑपरेशन के बाद आईएस- के के हमलों की संख्या को काफी हद तक कम हो गई है। हालांकि इस साल आईएस- के के आतंकियों ने कई जगह गोलीबारी और बम विस्फोट की की घटना को अंजाम दिया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि विशेष बलों ने विद्रोही समूह के प्रमुख सदस्यों को पकड़ लिया है जिसने इस महीने काबुल आत्मघाती बम विस्फोट का दावा किया था जिसमें छह





लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि आत्मघाती हमलावर ने पाकिस्तान में एक प्रशिक्षण शिविर से अफगानिस्तान में घुसपैठ किया था।

तालिबान ने बताया कि कई छापों में गिरफ्तार किए गए दूसरे आतंकी भी पाकिस्तान के ही हैं। मुजाहिद ने कहा कि इस कार्रवाई से सुन्नी जिहादी समूह को अफ़गानिस्तान से खदेड़ दिया गया लेकिन उन्होंने पाकिस्तान में नए ऑपरेशनल बेस और ट्रेनिंग कैंप स्थापित कर लिए हैं। इस टिप्पणी से काबुल और पाकिस्तान के बीच संबंधों में और खटास आने की संभावना है। पाकिस्तान ने अपने क्षेत्र में बढ़ते हमलों के लिए अफ़गानिस्तान को दोषी ठहराया है और दावा किया कि तालिबान पाक तालिबान विद्रोहियों को दबाने में विफल रहा है।

## रुपये के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर आएं, पाकिस्तान की पंजाब सरकार का भारतीय सिखों को सलाह

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने यहां कहा कि हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थानों के लिए पाकिस्तान जाने वाले भारतीय सिखों का शोषण मौजूदा विनिमय दर से काफी कम (राशि) देकर किया जाता है। अरोड़ा, जो पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान (अध्यक्ष) भी हैं। भारत से सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें मिलने के बाद सलाह जारी की।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने के इच्छुक भारतीय सिखों को भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर ले जाने की सलाह दी। पंजाब के पहले सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने यहां कहा कि हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थानों के लिए पाकिस्तान जाने वाले भारतीय सिखों का शोषण मौजूदा विनिमय दर से काफी कम (राशि) देकर किया जाता है। अरोड़ा, जो पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान (अध्यक्ष) भी हैं। भारत से सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें मिलने के बाद सलाह जारी की। मंत्री ने यह भी कहा कि यहां आने वाले भारतीय सिखों को समूह नेताओं को यहां सुविधाओं के लिए कोई अतिरिक्त राशि नहीं देनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि पहले सिख गुरु, गुरु नानक देव की 555वीं जयंती पर उत्सव में भाग लेने के लिए 14 नवंबर को बड़ी संख्या में भारतीय सिख यहां आने वाले हैं। पिछले साल, लगभग 3,000 भारतीय सिख इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वाघा सीमा के माध्यम से यहां पहुंचे थे।

कई सिख पाकिस्तान के करतारपुर मंदिर को उस स्थान के रूप में देखते हैं जहां उनका धर्म शुरू हुआ था: इसके संस्थापक, गुरु नानक का जन्म 1469 में पूर्वी पाकिस्तानी शहर लाहौर के पास एक छोटे से गांव में हुआ था। लेकिन वहां पहुंचने के लिए, यात्रियों को पहले मुश्किल से मिलने वाला वीजा लेना होगा, लाहौर या किसी अन्य प्रमुख पाकिस्तानी शहर की यात्रा करनी होगी और फिर गांव तक ड्राइव करना होगा, जो भारतीय सीमा से सिर्फ 4 किमी (2-1/2 मील) दूर है।

## पीछे नहीं हटेंगे, लेबनान पर इजरायल के जमीनी हमले का करेंगे मुकाबला- हिजबुल्लाह

**बेरूत, एजेंसी।**
हिजबुल्लाह के डिप्टी चीफ शेख नईम कासिम ने सोमवार को कहा कि ईरान समर्थित लेबनानी संगठन अपनी लड़ाई में विजेता बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि उनका ग्रुप लेबनान पर इजरायली सेना के जमीनी हमले का मुकाबला करेगा। कासिम ने कहा, यदि इजरायल जमीन के रास्ते लेबनान में एंट्री करने का फैसला लेता है, तो रेजिस्टेंस फोर्सेज इन हमलों का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार देर शाम बेरूत के दक्षिणी उपनगर में इजरायली एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद संगठन के किसी सीनियर अधिकारी का यह पहला भाषण था।

कासिम ने कहा कि अपने शीर्ष



नेतृत्व के खात्मे के बावजूद, हिजबुल्लाह अपने रास्ते से पीछे नहीं हटेगा। बता दें लेबनानी ग्रुप को कई देशों ने वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। कासिम ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि दुश्मन के ये हमले प्रतिरोध को कमजोर नहीं करेंगे और हम निश्चित रूप से जीतेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि हिजबुल्लाह के नए महासचिव का चुनाव जल्द ही नए कमांडरों के बीच से किया जाएगा।

इस बीच, हिजबुल्लाह ने नसरल्लाह की हत्या के बाद नए नेता की नियुक्ति के बारे में मीडिया रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा कि आंदोलन की संरचना के बारे में किसी भी तरह की अटकलों को तब तक खारिज किया जाता है जब तक कि आधिकारिक घोषणा नहीं की जाती। ईरान के प्रेस टीवी के मुताबिक हिजबुल्लाह ने एक बयान में स्पष्ट किया, महासचिव (सैय्यद हसन नसरल्लाह) की शहादत के बाद हिजबुल्लाह के नेतृत्व में संगठनात्मक प्रक्रियाओं के बारे में कुछ मीडिया आउटलेट्स पर प्रसारित समाचारों को लेकर हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि संबंधित न्यूज का कोई महत्व नहीं है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

बता दें इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने शनिवार को, नसरल्लाह के मारे जाने का ऐलान किया। इसके कुछ घंटों बाद हिजबुल्लाह ने भी अपने नेता की मौत की पुष्टि की। नसरल्लाह, 30 साल की उम्र में 1992 में हिजबुल्लाह का महासचिव बना था। अगले 32 वर्षों में उसने हिजबुल्लाह को न सिर्फ लेबनान बल्कि मध्य पूर्व की एक बड़ी ताकत बना दिया। वह इजरायल का दुश्मन नंबर एक बन गया। आखिरकार शुक्रवार को यहूदी राष्ट्र, अपने सबसे बड़े दुश्मन को खत्म करने में कामयाब रहा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129